# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 11 अगस्त 2024
संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष सप्तमी मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 331, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ शिव, काल के भी काल महाकाल

एक बार फिर मीडिया पर फूटा तापसी पन्नू का गुस्सा ◀◀ 6







# झारखंड में 25 आईएएस का तबादला : विप्रा भाल बनीं राज्यपाल की नयी प्रधान सचिव

मेट्रो रेज



**रांची :** झारखंड सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 25 अधिकारियों का तबादला किया गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। प्रधान सचिव योजना एवं विकास विभाग मस्तराम मीणा को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ।

प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग रांची, प्रबंध निदेशक जुडको तथा प्रबंध निदेशक रांची ग्रेटर विकास एजेंसी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। खाद आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते हुए आईटी सचिव रांची के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। डॉक्टर कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव वाणिज्क र विभाग झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

भवन निर्माण सचिव मनीष रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। पेयजल सचिव राजेश कुमार शर्मा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव आपदा प्रबंधन विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया । कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी को स्थानांतरित करते वन विभाग का सचिव बनाया गया है । आईटी सचिव विप्रा भाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव राज्यपाल का बनाया गया है।

महिला बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार को अपने कार्य के साथ उत्पाद सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव झारखंड के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक भवन सचिव झारखंड रांची के पद पर नियुक्त किया गया । अरवा राजकमल को अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची तथा स्थानीय आयुक्त झारखंड भवन के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। खान सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उद्योग सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ।

सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग उमाशंकर सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ पर प्रभारी सचिव खाद आपूर्ति विभाग का बनाया गया नगर आयुक्त रांची नगर निगम अमित कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक वाणिज्य कर आयुक्त । कुमार अगले आदेश तक आपने कार्य विशेष सचिव वित्त विभाग रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

प्रशासक स्वर्ण रेखा परियोजना जमशेदपुर मंजूनाथ भजंत्री को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य कार्यपालिका पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति रांची के पद पर नियुक्त किया गया।भजंत्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मनरेगा आयुक्त रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

विशेष सचिव श्रम विभाग अमित प्रकाश को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उत्पाद आयुक्त रांची के पद पर नियुक्त किया गया प्रकाश अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जेएसएलपीएस संदीप सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर आयुक्त रांची नगर निगम के पद पर स्थापित किया गया। संदीप सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उपाध्यक्ष आरआर डीए के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

नगर आयुक्त हजारी बाग नगर निगम शैलेंद्र कुमार लाल को स्थानांतरित करते हुए निदेशक का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पद पर पदस्थापित किया गया । उत्पाद आयुक्त रांची सुनील कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव श्रम विभाग , उपयुक्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर अनन्य मित्तल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रसाक स्वर्ण रेखा परियोजना जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

प्रतीक्षारत समीरा एस को अगले आदेश तक निदेशक सह सदस्य सचिव झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्थान झारखंड के पद पर नियुक्त किया गया था । समीरा एस अगले आदेश तक महानिदेशक राज्य पोषण मिशन, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य जल छाजन मिशन तथा निदेशक सामाजिक सुरक्षा के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

प्रतीक्षारत रवि आनंद को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग, डीसी गिरिडीह दीपक कुमार दुबे को सयुक्त सचिन नगर विकास विभाग, सौरभ कुमार भौवनिया को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव वित्त विभाग , आलोक कुमार को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव गृह विभाग ,शताब्दी मजूमदार को अगले आदेश तक अवर सचिव वित्त विभाग रांची के पद पर नियुक्ति एवं पद स्थापित किया गयाहै।

इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।

# पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन



**जयपुर :** पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। वे करीब 93 वर्ष के थे और करीब दो सप्ताह से नई दिल्ली के बाहर गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। नटवर सिंह भरतपुर संभाग के सबसे बड़े गांव जघीना के रहने वाले थे। दिल्ली में रविवार (11 अगस्त) को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। नटवर सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संवेदना प्रकट की है।

उन्होंने लिखा कि भारत सरकार में पूर्व विदेश मंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित कु। नटवर सिंह के निधन का समाचार अत्यन्त दुःखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें। नटवर सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान के भरतपुर से चुनाव लड़ा था और लोकसभा सांसद बने थे। 1985 में उन्हें राज्य मंत्री (एमओएस) के रूप में शपथ दिलाई गई और उन्हें इस्पात, कोयला और खान तथा कृषि मंत्रालय दिए गए थे।

उनका जन्म 16 मई 1931 को राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा मेयो कॉलेज, अजमेर और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद वह भारतीय विदेश सेवा में शामिल हो गए और 1953 में अपनी सेवाएं शुरू की। 1984 में नटवर सिंह कांग्रेस में शामिल हुए। पूर्व कांग्रेस सांसद और राज्यसभा सदस्य रहे नटवर सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार के दौरान 2004-05 की अवधि के लिए भारत के विदेश मंत्री थे। नटवर सिंह ने मई 2004 से दिसंबर 2005 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। सिंह को 1953 में भारतीय विदेश सेवा में चुना गया था। नटवर सिंह की देश के चुनिंदा कूटनीतिज्ञों में गिनती होती थी। नटवर सिंह मूल रूप से जघीना गांव के निवासी थे। नटवर सिंह के पुत्र जगत सिंह वर्तमान में नदबई विधानसभा से भाजपा विधायक हैं।

# सेबी और अडानी समूह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को किया खारिज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और अडानी समूह ने अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने एक बयान में इसे इसे निराधार और चरित्र हनन का प्रयास बताया। बयान में दोनों ने कहा कि उन्हें किसी भी वित्तीय दस्तावेज का खुलासा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। उल्लेखनीय है कि हिंडनबर्ग रिसर्च ने 10 अगस्त को अपनी नवीनतम रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच की अडानी के धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल की गई अस्पष्ट ऑफशोर संस्थाओं में हिस्सेदारी थी। वहीं अडानी ग्रुप की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि हिंडनबर्ग के आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और जोड़-तोड़ करने वाला उपयोग है, ताकि तथ्यों और कानून की अवहेलना करते हुए व्यक्तिगत मुनाफा कमाने के लिए पूर्व-निर्धारित निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। अडानी समूह इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करता है। यह बदनाम करने का दोबारा किया गया प्रयास है। मामले में पहले ही गहन जांच की जा चुकी है जिसमें आरोप निराधार साबित हुए हैं और सर्वोच्च न्यायालय ने भी जनवरी 2024 में इन्हें पहले ही खारिज कर दिया है।

## सर्पदंश से एक की मौत

**पलामू :** जिले के रामगढ़ प्रखंड की उलडंडा पंचायत के डेनडुबा



गांव के 40 वर्षीय राजेंद्र उरांव की सर्पदंश से मौत हो गई। वह खेत में हल चला रहा था। इसी दौरान बहीराजाड़ा सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसका समय पर इलाज नहीं कराकर आनन-फानन में चोरहट पंचायत के कुंडपानी के नीमटोली के वैद्य अमरदेव मिंज के पास ले गए। वैद्य ने झाड़-फूंक से युवक को ठीक करने की कोशिश की। इसी क्रम में राजेंद्र उरांव की मौत हो गई।

# मनन विद्या का छात्र जुमार नदी में डूबा

- हॉस्टल से भाग कर दोस्तों के साथ गया था नहाने
- बिहार के गया का रहने वाला था पीयूष

मेट्रो रेज




**रांची :** जुमार नदी में रविवार की सुबह एक छात्र की डूबकर मौत हो गयी। घटना की सूचना की मिलने के बाद एनडीआरएफ की टीम छात्र के शव को नदी से निकालने का प्रयास कर रही है। छात्र का नाम पीयूष कुमार बताया जा रहा है और वह मनन विद्या स्कूल की दसवीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के अनुसार स्कूल के हॉस्टल के चार से पांच छात्र भागकर जुमार नदी गये थे। नहाने के क्रम में एक छात्र पानी में डूब गया। नदी में डूबने वाला छात्र बिहार के गया जिला का रहने वाला है। छात्र के परिजनों को मामले की जानकारी दी गयी है।

## आग लगने की अफवाह से पंजाब मेल एक्सप्रेस में मची भगदड़

# 20 यात्री घायल, सात गंभीर

एजेंसी

**शाहजहांपुर :** हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने के दौराने करीब 20 यात्री घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। ज्ञात हो कि रविवार की सुबह करीब 8:00 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी रोक दी। ट्रेन की आधी बोगी नदी के पुल पर और आधी बाहर थी। गाड़ी के रुकते ही यात्री ट्रेन से नीचे कूदने लगे। अफरातफरी का माहौल हो गया।



**शाहजहांपुर स्टेशन पर रोकी गई ट्रेन**

रविवार सुबह 10 :10 पर ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रोका गया। रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के जवान पहुंच गए। पांच एंबुलेंस को बुला लिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सात लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस बीच 30 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। जांच में सबकुछ सही मिलने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

**जांच में सबकुछ ठीक मिला :** हादसे में कई लोगों को चोटे आई है। कई बोगी खाली होने के बाद चालक और गार्ड ने चेक किया तो सब कुछ ठीक मिला। इसके बाद घायलों को महिला और गार्ड बोगी में सवार कर शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। वहां अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### शरारती तत्वों ने की ये करतूत

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि बिलपुर के पास सुबह कुछ शरारती तत्वों ने ट्रेन नंबर 13006 के जनरल जीएस कोच में रखा अग्निशमन यंत्र चलाया, जिसके चलते गाड़ी को रोक दिया गया। जिससे दहशत में आए यात्री कूदने लगे। दो यात्रियों को चोट आई है। घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। शरारतीतत्वों की पहचान करने के लिए जांच कराई जा रही है।

# किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़, दहशतगर्दों को घेरा

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर जंगल में रविवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अनंतनाग में हुई मुठभेड़ के अगले दिन यह मुठभेड़ हुई है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। आतंकियों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने नौनट्टा, नागेनी पेयास और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया। इसके कुछ देर बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई।

फिहाल इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है और आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। यह मुठभेड़ दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग जंगल में भीषण मुठभेड़ में दो सैन्यकर्मियों हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के शहीद होने और दो नागरिकों सहित छह अन्य के घायल होने के एक दिन बाद हुई है।

### अनंतनाग मुठभेड़ में दो जवान शहीद, दो नागरिकों सहित छह घायल

**दक्षिण** कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके के सुदूरवर्ती जंगल क्षेत्र में आतंकियों से शनिवार शाम मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए। दो नागरिकों व चार जवानों समेत छह घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी है ताकि दहशतगर्द मौके से भाग न निकलें। हालांकि, सेना की ओर से फिलहाल जवानों के घायल होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने बताया कि कोकरनाग के अहलान गडोल इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर बड़े स्तर पर तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों को नजदीक आते देख छिपकर बैठे आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में छह जवान घायल हो गए। इन्हें तत्काल निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान इनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिए अपराध नियंत्रण के निर्देश



**कोडरमा :** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे जुलाई माह में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी को कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। इसमें विगत छह माह में थाना प्रभारियों द्वारा किए गए कार्य (विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांड का निष्पादन, वारंट, कुर्की का निष्पादन) इत्यादि कार्यों की समीक्षा की गई तथा सभी लंबित कांडो में लंबित सभी कारवाई पूर्ण कर कांडो का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। वहीं अवैध कोयला, बालू, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

### रांची मुख्य डाकघर में तिरंगा की बिक्री शुरू

**रांची :** रांची जीपीओ जरिये गर्व के साथ सूचित किया जाता है कि हर घर तिरंगा अभियान 2024 के अंतर्गत तिरंगा झंडे की बिक्री प्रारंभ की जा रही है। यह अभियान भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सीनियर पोस्ट मास्टर एस गोराई ने शनिवार को बताया कि रांची जीपीओ में तिरंगा झंडा मात्र 25 रुपये में उपलब्ध है। हम सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज का क्रय कर अपने घरों पर फहराएं और देशभक्ति के इस महान पर्व में सहभागिता करें। उन्होंने बताया कि तिरंगा झंडा उच्च गुणवत्ता वाला है, जो सभी मानकों का पालन करता है। इसे खरीदकर आप न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करेंगे, बल्कि देश के हर कोने में देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करेंगे। उन्होंने कहा कि सामूहिक ऑर्डर के लिए विशेष सुविधा भी उपलब्ध है।



### बंसारुली में ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

**मुरी :** मुरी गोला रोड मुख्य सड़क के बासारूली में आज सुबह एक ट्रक पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक के ड्राइवर व खलासी को मामूली चोटें आयीं। जानकारी के अनुसार आज सुबह से रूक- रूक कर बारिश हो रही थी । सड़क पर फिसलन था। ट्रक डाइवर मोटर साइकिल सवार को बचाने के क्रम में दाहिनी तरफ पलट गया। गाड़ी में खाने का चिप्स लोड था,जो पटना से बन्ता सिल्ली आ रहा था।



### पुलिस ने चोरी के पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खूंटी :** खूंटी एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पुलिस ने चोरी के आरोपित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी के लोहे और टैंपो पर लदा लोहे का गेबियन बरामद किया गया है। यह जानकारी तोरपा कें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने शनिवार को कर्रा थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कबाड़ी दुकान का मालिक बिरदा निवासी रिजवान आलम भी शामिल है। उसने ही चोरी मं सलिप्त अन्य आरोपितों के ननाम बताये। उसकी निशानदेही पर घटना में संलिप्त टैंपो जेएच 01 सीबी 5508 को बरामद किया गया। साथ ही आतिफ आलम उर्फ सोनू और मो खालिद दोनों बिरदा ग्राम निवासी और सूरज महतो तथा लक्ष्मण महतो दोनों टिमड़ा निवासी को गिरफतार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि खूंटी एसपी को गुप्त सूचना मिली की कि चोरी गये सरकारी लोहे के गेबियन को चोरों द्वारा बिरदा ग्राम स्थित कबाड़ी दुकान में बेचा गया है। सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल द्वारा शुक्रवार को त्वरित करवाई करते हुए बिरदा स्थित रिजवान आलम की कबाड़ी दूकान में छापामारी की गई, जहां से चोरी के लोहे पीवीसी गैवियन 17 पीस वजन एक क्विंटल बरामद किया गया। तोड़ा मरोड़ा और कटा हुआ लोहे का टुकड़ा जिनका वजन करीब एक क्विंटल है, बररामद किया गया।



### शिक्षक-शिक्षितकेतर कर्मचारियों ने मांगों के लेकर लगाये काले-बिल्ले



**पलामू :** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा पलामू के तत्वावधान में जिले के सभी कोटी के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षितकेतर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के लेकर शनिवार को काले बिल्ले लगाकर कार्य किये। संघ के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार दुबे ने बताया कि मुख्य मांगों में शिक्षकों को अन्य कर्मियों की भांति एसीपी-एमएसीपी वरीयता के आधार पर विभागीय अधिसूचना 355 में संशोधित करते हुए प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति, आदर्श विद्यालय एवं सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में हो रहे ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं शिक्षकों का बेवजह परेशान करना बंद करने, नवनियुक्त शिक्षकों के बकाया वेतन एवं अन्य मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। विदित हो कि पलामू जैसे बड़े जिले में जहां 187 माध्यमिक और उत्तर माध्यमिक विद्यालय हैं, उनमें से मात्र एक विद्यालय राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक हैं, बाकी सभी विद्यालय प्रभार के भरोसे चल रहे हैं। प्रभारी का प्रभाव एवं प्रधानाध्यापक का अभाव शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है, जिस घर का रखवाला नहीं हो वह घर कैसा होगा? यही स्थिति पूरे राज्य की है। पूरे राज्य में लगभग 2677 विद्यालय है, जिसमें से मात्र 28 विद्यालय में बोनाफाइड हेड मास्टर हैं। यहां प्रोजेक्ट इंपैक्ट काम नहीं कर रहा है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है, इन्हीं सभी बातों को विरोध के लिए कल्ले बिल्ले लगाए गए।

---

**विश्व आदिवासी दिवस के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मुख्यमंत्री**

# झारखंड के कलाकारों के लिए बनेगी विशेष पॉलिसी : मुख्यमंत्री

मेट्रो रेज

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची के ऐतिहासिक परिसर में आयोजित दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव, 2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष पॉलिसी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी ताकि झारखंड के कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बात करें तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल की है।




**गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है। खेत-खलिहान से जुड़े लोगों के मन में भी उत्साह है और सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के मन में भी उत्साह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां के आदिवासी समाज के लोग यहां की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का काम करते हैं। राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति का सीधा जुड़ाव प्राकृतिक से भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करते हुए आदिवासी समाज के लोग अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और समृद्ध आदिवासियत को बचाने के लिए जद्दोजेहद में लगे हैं।

**आदिवासी समाज के लोग अब हर क्षेत्र में बढ़ रहे हैं आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत हो, न्यायपालिका का क्षेत्र हो, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स का क्षेत्र हो, चाहे आईएएस, आईपीएस की बात करें तो भी इन क्षेत्रों में आदिवासी समाज के गिने-चुने लोग ही अपनी जगह बना पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे आदिवासी समाज के लोग आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है।

**अतिथियों ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फः** हेमन्त सोरेन सहित सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया तथा झारखंड एवं अन्य राज्यों से पहुंचे कलाकारों का मनोबल भी बढ़ाया। मंत्री हफीजुल हसन, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अनूप सिंह, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक भूषण तिर्की, मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे, राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

## लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त सहित कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजेश ठाकुर ने लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो, पूर्व आदिवासी कल्याण आयुक्त बिरसा उरांव, राजद की प्रदेश महासचिव, अधिवक्ता पूनम यादव को माला एवं कांग्रेस का अंग पट्टिका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी कांग्रेस के नीतियों सिद्धांतों में विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। मौके पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों में भारी आक्रोश है। देश में प्रतिदिन भाजपा लोगों के बीच शिगूफे छोड़कर भेदभाव कराने में लगी है। आज सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग राज्य के वरीय अधिकारी रहे हैं। यह कोइ छोटा कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सोच है जो आगे आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने पिछड़े और कमजोर तबके के लोगों की आवाज को लोकसभा चुनाव में जोरदार तरीके से उठाया था जिसे लोग समझ रहे हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि समाज का अभिजात्य वर्ग जब राजनीति में आता है तो निश्चित रूप से एक नई सोच एक नई ऊर्जा के साथ काम करता है।



## मंईयां सम्मान योजना के लिए खूंटी में 40 हजार से अधिक महिलाओं ने दिया आवेदन

मेट्रो रेज

**खूंटी :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। तीन अगस्त से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया को लेकर जिले की सभी 86 पंचायतों और नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर कैम्प का आयोजन कर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे हैं। इस दौरान कैंपों में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया गया कि खूंटी जिले में अब तक 40 हजार से अधिक आवेदन ऑफ लाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। अब तक 35 हजार आवेदनों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करा लिया गया है। बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा आवेदन प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म जमा करने में आनेवाली तकनीकी समस्या का सामना लाभुकों को न करना पड़े। इसे लेकर सरकार द्वारा आठ अगस्त से लाभुकों से ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लाभुकों से लिए जानेवाले दस्तावेज को भी काफी सरल रखा गया है। 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को सिर्फ चार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता है और वह आसानी से योजना का लाभ ले सकती हैं।



## जेबीकेएसएस केंद्रीय उपाध्यक्ष ने किया पौधों का वितरण

मेट्रो रेज

**डोमचांच :** नगर क्षेत्र अंतर्गत गुहदर स्थित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सह झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष राज मेहता ने अपने गाँव के मंदिर परिसर मे पौधरोपण कार्यक्रम और पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान श्री मेहता ने कहा की प्रकृति समस्त जीवों के जीवन का मूल आधार है। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन सभी जीव जगत के लिए बेहद ही अनिवार्य है। प्रकृति पर ही पर्यावरण निर्भर करता है। गर्मी, सर्दी, वर्षा आदि सब प्रकृति के सन्तुलन पर निर्भर करते हैं। यदि प्रकृति समृद्ध एवं सन्तुलित होगी तो पर्यावरण भी अच्छा होगा और सभी मौसम भी समयानुकूल सन्तुलित रहेंगे। यदि प्रकृति असन्तुलित होगी तो पर्यावरण भी असन्तुलित होगा और अकाल, बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं कहर ढाने



## प्रतिभा सम्मान समारोह में तोरपा और रनिया के विद्यार्थी हुए सम्मानित

मेट्रो रेज

**खूंटी :** विद्यार्थी कला संगम और फ्रेंड्स क्लब द्वारा नगर भवन तोरपा में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर तोरपा तथा रनिया प्रखंड के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बच्चों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह बर्द्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता किसी कारण वश कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन वे कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि गांव हो या शहर प्रतिभा की कहीं कमी नहीं है, जरूरत है इन प्रतिभा को आगे लाने की। मंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को तरासने का काम किया जायेगा।



**बच्चे स्वाथ्य के प्रति भी जागरूक बनें :** कार्यक्रम में देवनिका अस्पताल के चेयरमैन डॉ अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ ही अपने स्वस्थ्य के प्रति भी जागरूक रहें। सुबह उठकर पानी पीये, . जल्दी उठें तथा कम से कम सात घंटे की नींद अवश्य लें। घर का बना भोजन करे। उन्होंने कहा कि बच्चे इन सब आदतों को अपने प्रतिदिन की रूटीन में शामिल करें।

### जेएस कॉलेज के प्राचार्य का घेराव कर छात्रों ने काटा बवाल

**पलामू :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) द्वारा शनिवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय डालटनगंज के प्राचार्य का घेराव कर जमकर बवाल काटा गया। नेतृत्व विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन द्वारा किया गया। छात्रों का कहना था कि महाविद्यालय में अवैध पैसे लेकर बिना मेधा सूची में नाम आए वाले छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है, जो कि नियम विरुद्ध है और हम इसका विरोध करते हैं। गरीब छात्रों का नामांकन अधिक पैसे नहीं दे पाने की वजह से महाविद्यालय में नहीं हो पा रहा है, लेकिन बड़े पैमाने पर अवैध वसूली कर सीटों की बंदरबात की जा रही है।

## पीएम श्री स्कूल के लिए 84 साल में भी नहीं बन पायी सड़क

मेट्रो रेज

**पलामू :** जिले सतबरवा प्रखंड के सोहड़ीखास में स्थित डिजिटल इंडिया के एक मात्र पीएम श्री स्कूल राजकीय कृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय के लिए 84 साल में एक सड़क नहीं बन पायी है। पहुंच पथ के अभाव में बच्चे एवं शिक्षकों को कीचड़ व नाली से होकर हर दिन गुजरना पड़ता है। यहां वर्ग 1 से लेकर वर्ग 12वीं तक की पढ़ाई होती है। अपनी उपलब्धियों के कारण यह स्कूल पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित है। जिले में 26 पीएम श्री विद्यालय चयनित हुए हैं इनमें से एक राजकीय कृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय सोहड़ीखास भी है। यहां पर 1100 के आसपास छात्र-छात्राएं नामांकित हैं जो तीन प्रखंडों पांकी, लेस्लीगंज और सतबरवा और दो जिलों से आते हैं। यहां पर बच्चे-बच्चियों को पढाने के लिए करीब 21 शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं, जिसमें टीजीटी, पीजीटी और प्राइमरी शिक्षक हैं। सरकार ने भरपूर संसाधन दे रखा है जिसमें स्मार्ट क्लास, टैबलैब, डिजिटल क्लास के साथ-साथ सारी सुख और सुविधाएं हैं लेकिन इच्छाशक्ति की कमी कहें या फिर लापरवाही, यहां पर पहुंचने के लिए कोई सड़क है ही नहीं और ना ही आज तक किसी ने सुध लेने का प्रयास किया है।



यह विद्यालय 1940 में स्थापित हुआ था। आप सोच सकते हैं कि प्रखंड का एकमात्र विद्यालय जिसकी स्थापना आजादी से पहले हुई। यहां के सैकड़ो बच्चे पढ़ लिखकर बड़े-बड़े पदों पर आसीन भी हुए, लेकिन वे पीछे मुड़कर देख नहीं पाए। ऐसा भी नहीं है कि इस विद्यालय तक अधिकारी नहीं पहुंचते हैं। इस विद्यालय में जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य बड़े प्रशासनिक पदाधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन आज तक सड़क के बारे में ना तो कोई नेता सोच सका है और ना ही कोई अधिकारी। क्या अधिकारियों के बच्चे इन सड़कों से होकर विद्यालय जाएंगे? आप खुद ही सोच सकते हैं कि नहीं। शायद उनके पैर गंदे ना हो जाए, शायद उनकी पोशाक में दाग न लग जाए, लेकिन यहां पर गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं जो प्रतिदिन इसी प्रकार से आते जाते हैं। वे ना चाहते हुए भी कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण इसी रास्ते आने जाने को मजबूर हैं। इस विद्यालय तक पुस्तकों, मध्याह्न भोजन का चावल, निर्माण सामग्री या कोई अन्य कोई सामान ले जाने के लिए इतनी परेशानी होती है कि आप कल्पना नहीं कर सकते। बरसात के दिनों में यहां आना-जाना और सामान ले जाना काफी दुर्लभ साबित होता है।

# शिव, काल के भी काल महाकाल



**देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक का समय भगवान विष्णु का निंद्रा काल है। इस काल में वह आराम फरमाते हैं। माना जाता है कि भगवान विष्णु के निद्रा काल के समय संसार के संचालन का जिम्मा भगवान शिव उठाते हैं। ऐसे में भगवान शिव की महिमा जानना आवश्यक हो जाता है।**

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं, जिनके ललाट पर चंद्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुंदर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने की शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोलेनाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीघ्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या, दानव भी वरदान मांगने आए तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे नहीं हटते हैं। भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है, उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है।

अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है। हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता है, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं। जो अनुपम ऐश्वर्यशाली होते हुए भी गजचर्मधारी हैं, अर्ध शरीर में पत्नी को धारण करने पर भी सांसारिक विषयों से मन को विरक्त किए हुए हैं और यतियों में अग्रगण्य हैं, जो अपने अष्ट रूपों से संपूर्ण जगत का पालन करते हुए अभिमानयुक्त नहीं हैं, निराभिमानी हैं, वे हमें श्रेष्ठ मार्ग को दिखाने के लिए हमारी तामसीवृत्ति को मिटाते हैं, हमारी बुराइयों को दूर करते हैं। भगवान शिव जटारूपी वन से निकलती हुई गंगाजी की गिरती हुई धाराओं से पवित्र किए गले में सर्पों की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम-डम शब्दों से मंडित प्रचंड तांडव नृत्य कर इस संसार की आसुरी शक्तियों को ललकारते हैं, वे शिव हम सबका कल्याण करते और हमारी जीवन सृष्टि को उन्नत एवं खुशहाल बनाते हैं। भगवान शिव इस संसार के पालनहार हैं, उनके एक हाथ में वर, दूसरे हाथ में अभय, तीसरे हाथ में अमृत कलश और चौथे हाथ में त्रिशूल है। भारतीय संस्कृति की भांति शिव परिवार में भी समन्वयकारी गुण दृष्टिगोचर होते हैं।

वहां जन्मजात विरोधी स्वभाव के प्राणी भी शिव के प्रताप से परस्पर प्रेमपूर्वक निवास करते हैं। शंकर का वाहन बैल है तो पार्वती का वाहन सिंह, गणेश का वाहन चूहा है तो शिव के गले का हार सर्प एवं कार्तिकेय का वाहन मयूर है। ये सभी परस्पर वैरभाव को छोड़ कर सौहार्द एवं सद्भाव से रहते हैं। शिव परिवार का यह आदर्श रूप प्रत्येक परिवार एवं समाज के लिए प्रेरक है। भगवान शिव जन-जन की रक्षा करते हैं, भक्तों की रक्षा करते हैं। वे देवताओं में श्रेष्ठ, सर्वेश्वर, संहारकर्ता, सर्वव्यापक, कल्याणरूप, चंद्रमा के समान शुभ्रवर्ण हैं, जिनकी गोद में पार्वती, मस्तक पर गंगा, ललाट पर बाल चंद्रमा, कंठ में हलाहल विष और वक्ष स्थल पर सर्पराज शोभित हैं, वे भस्म से विभूषित हैं। जो जगत का भरण करते हैं पर स्वयं भिक्षु हैं, जो सब प्राणियों को निवास देते हैं परंतु स्वयं गृहहीन हैं, जो विश्व को ढकते हैं परंतु स्वयं नग्न हैं। मान्यता है कि भगवान शिव अपने भक्तों की भक्ति को बहुत मान देते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर इन एक्सेसरीज से बदल जाएगा पूरा लुक

# दिखेगी देशप्रेम की झलक

**1947** में 15 अगस्त के दिन ही हमारे भारत देश को आजादी मिली थी। उसके बाद से हर भारतवासी इस दिन धूमधाम से जश्न मनाता है। इस खास दिन को हम स्वतंत्रता दिवस के नाम से जानते हैं। 15 अगस्त के दिन स्कूलों से लेकर कॉलेजों और दफ्तरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस साल 2024 में भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। ऐसे में सभी जगहों पर कार्यक्रमों की तैयारी भी पूरी हो गई है। इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए लोग पहले से काफी तैयारी करते हैं। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आती हैं।

अगर आउटफिट की बात करें तो इस दिन क्या पहनना है इसका फैसला तो हर कोई कर लेता है, लेकिन समझ ये नहीं आता कि आउटफिट के साथ एक्सेसरीज क्या पहनें। इसी में हम आपको मदद करेंगे। यहां हम कुछ ऐसी एक्सेसरीज के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी कर-के आप अपने लुक को खास बना सकते हैं।



**तिरंगा स्कार्फ :** लड़कियां इस दिन सूट पहनना पसंद करती हैं, जिसके साथ तिरंगे के रंगों में रंगा स्कार्फ आपके लुक को पूरी तरह से बदल सकता है। इसके साथ सूट के साथ-साथ साड़ी और जींस-टॉप के साथ भी कैरी कर सकती हैं। पुरुष भी इसे कैरी कर सकते हैं।

**तिरंगा बैज :** महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी इस दिन अपने कपड़ों पर तिरंगा बैज या ब्रोच लगाना चाहिए।। इसे आप अपने कुर्ते, ब्लेजर या साड़ी पर लगा सकते हैं। ये भी आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगा।

**तिरंगा कंगन :** महिलाएं अपने एथनिक लुक में चार चांद लगाने के लिए इस तरह के कंगन या फिर चूड़ियां पहन सकती हैं। ये भी आपके लुक में देशभक्ति की झलक दिखाएगा।

**तिरंगा झुमके :** महिलाएं अगर अपने लुक में तिरंगे के रंग वाले झुमकों को शामिल करेंगी तो उनका लुक और खास दिखेगा। आप इसे इंडो-वेस्टर्न या ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

**तिरंगा हेयरबैंड :** अपने बालों में तिरंगे के रंगों वाला हेयरबैंड या क्लिप लगाकर भी आप स्वतंत्रता दिवस के जश्न का हिस्सा बन सकती हैं।

**तिरंगा हैंडबैंड :** पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपने लुक से देखभक्ति दिखाने के लिए ऐसा हैंडबैंड कैरी कर सकते हैं। ये भी देखने में अच्छा लगेगा।

# नारियल तेल में मिलाकर लगाएं ये चीजें बाल होंगे मजबूत

**नारियल तेल** का इस्तेमाल पुराने समय से बालों की देखभाल के लिए किया जाता रहा है। यह तेल बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए लोगों की सबसे पहली पसंद समझी जाती है। हर व्यक्ति की यह चाहत रहती है कि उसके बाल लंबे और घने रहें। कई व्यक्ति मजबूत और लंबे बाल पाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल आज भी अपने बालों पर करते हैं। ऐसी कौन-सी तीन चीजें हैं, जिसको अगर आप नारियल तेल के साथ मिलकर अपने बालों पर लगाएं तो, ये नरियल तेल के प्रभाव को और बढ़ा देता है, जिससे आपके बाल स्वस्थ और मजबूत होते है।



### नीम का पत्ता

नीम के पत्ते का पाउडर बना लें और इस पाउडर को नारियल के तेल में मिलाकर अपने बालों में लगाएं. इसे अपने बालों पर 1 से 2 घंटे के लिए रखें और फिर शैम्पू कर लें। ये प्रक्रिया आप एक हफ्ते में 2 बार दुहरा सकते हैं। ऐसा करने से आपके बालों का झड़ना बंद होगा और ये जड़ से मजबूत होंगे।

### दालचीनी पाउडर

नारियल के तेल में आप दालचीनी पाउडर मिलकर भी लगा सकते हैं। ऐसा करने से आपके बाल मजबूत तो होंगे ही और साथ ही यह आपके बालों से डैन्ड्रफ को खत्म करने में भी मदद करेगा, जिससे बालों का झड़ना कम होगा।

# बारिश में कामकाजी महिलाओं के लिए सौंदर्य टिप्स

शहनाज हुसैन

**कामकाजी** महिलाओं को अपने कार्य स्थल पर जाने के लिए ट्रैफिक जाम व वायु प्रदूषण से प्रतिदिन जूझना पड़ता है। ऐसी महिलाओं को अपने अंगों की स्वच्छता पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। कामकाजी महिलाओं को बरसात में सोने जाने से पहले अपने सौंदर्य सामग्री, प्रदूषण, पसीने की बदबू तथा तैलीय पदार्थो को अपने अंगों से छुड़ाने के लिए रात को अपनी त्वचा को ताजे स्वच्छ पानी से अवश्य धोना चाहिए।

बरसात में तुलसी तथा नीम फेशवॉश सबसे उपयुक्त है। इससे मैलापन दूर करने में मदद मिलेगी तथा त्वचा को फोड़े फुन्सी, लाल चकत्तों आदि से संरक्षण भी होगा। त्वचा को साफ करने के बाद ठण्डे गुलाब जल से त्वचा की रंगत निखारिए। उसमें न केवल त्वचा में ताजगी तथा शीतलता आती है बल्कि इससे त्वचा में रक्त संचार को प्रवाह नियमित करने में



मदद मिलती है। इससे चेहरे की चमक बढ़ जाती है। गर्मियों के दौरान गर्म तथा आर्द्रता भरे मौसम में मैट माइस्चराईजर सबसे उपयुक्त माना जाता है। यदि आप बाहर सफर करती हैं तो सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के लिए ऑयल फ्री सनस्क्रीन भी बाजार में उपलब्ध है।

इस मौसम में सप्ताह में दो-तीन बार फेशियल स्क्रब का प्रयोग कीजिए। फेशियल स्क्रब से त्वचा में निर्जीव कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है तथा त्वचा की गहरी सफाई होती है। इससे त्वचा में चमकीलापन तथा निर्मलता आती है। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो रात को इसे साफ करने के बाद पोषित कीजिए। त्वचा पर नारिसिंग क्रीम लगा कर हल्के-हल्के चारों ओर गोलाकार स्वरूप में त्वचा की मालिश कीजिए। जब आप ऊपर की ओर क्रीम लगा रही है तो ज्यादा दवाब महसूस धोना चाहिए। मसाज के 3 या 4 मिनट के अन्दर इसे पूरी तरह ताजा साफ पानी से धो डालिए।

इस मौसम में हफ्ते में दो बार फेस मास्क का उपयोग कीजिए। फेस मास्क को होठों तथा आंखों के समीप के क्षेत्र को छोड़ कर चेहरे पर लगाइए तथा जब यह शुष्क हो जाए तो इसे धो डालिए। अपने मेकअप में ताजगी लाने के लिए अपने हैंडबैग में कुछ सौदर्य सामग्री जरूर रखिए। सुगन्धित गीले टीशू काफी स्फूर्तिदायक साबित हो सकते हैं। यह बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। इन्हें त्वचा को साफ करने तथा पसीने की बदबू तथा मैल आदि की साफ करने में उपयोग में लाया जा सकता है। इसमें सुगन्धित पाऊडर भी लाभदायक एवं असरदायक माना जाता है। इससे गर्मियों में तैलीय आकृति से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। सबसे पहले त्वचा को टिशू से साफ कीजिए तथा बाद में पाउडर का उपयोग कीजिए। आपको दोपहर में लंच के बाद टचअप के लिए लिपस्टिक की जरूरत पड़ेगी। इतर की छोटी शीशी या अपना मनपसन्द डियोडोरेंट साथ रखना कभी न भूलें।

बालः हालांकि लम्बे बालों का फैशन आम है लेकिन जब आप कार्यस्थल पर हों तो इन्हें खुला छोड़ना उपयुक्त नहीं है। बालों के साथ उलझना आपके ध्यान को बार-बार भंग कर सकता है। बालों का जूड़ा बना लीजिए या इन्हें पिन से बांध लीजिए। बालों की चोटी बनाकर इन्हें पिछली ओर भी बांधा जा सकता है, वास्तव में बालों की चोटी बनाना आजकल फैशन बनता जा रहा है। आप ऊंची या नीची चोटी बनाकर उसे रिबन से बांध सकती हैं। वास्तव में रिबन का रंग आपकी पोशाक से मिलता-जुलता होना चाहिए। बाजार में विभिन्न प्रकार के बालों के उपसाधन उपलब्ध हैं। विभिन्न प्रकार के आर्कषक क्लिप या बालों के उपसाधन बाजार में आसानी से मिलते हैं। लेकिन कामकाजी महिलाओं को ज्यादा सजावटी उपसाधनों का उपयोग नहीं करना चाहिए। आप बालों को लच्छेदार भी बना सकती हैं तथा चोटी बनाकर क्लिप से बांध सकती हैं।

कामकाजी महिलाओं के लिए गुथे हुए बाल काफी सहायक सिद्ध हो सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें थोड़ा समय देना पडेगा। लम्बे तथा मीडियम बालों को चोटी में बांधकर उपयुक्त तरीके से रखा जा सकता है। अपने बालों को तीन हिस्सों में बांटकर इसे रस्सी की तरह एक-दूसरे से लिपटा दीजिए। चोटी के अन्त में इलास्टिक बैंड या रिबन का उपयोग करके इसे मजबूती से बांध दीजिए। युवा महिलाओं पर चोटी काफी आकर्षक लगती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीणों ने खोजबीन कर गंगा से निकाला शव

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना निवासी कैलाश मंडल 65 वर्ष की गंगा में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने दो घंटे तक लगातार गंगा में खोजबीन कर शव को निकाला। मुफस्सिल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक कैलाश मंडल के भतीजा तैरीत कूमार ने बताया कि प्रतिदिन खेत देखने और मवेशियों का चारा लाने के लिए थर्मोकोल का बनाया गया हुआ ढेगी के सहारे मोकदम गंगा घाट पार करके जाते थे। शनिवार की सुबह भी थर्मोकोल के सहारे गंगा पार कर रहे थे। इसी दौरान थर्मोकोल से उनका हाथ छूट गया और हुआ गंगा में डूब गया। जानकारी मिलने के बाद सभी ग्रामीण उनकी तलाश में जुट गए। गंगा में दो घंटे की लगातार तलाश के बाद उनका शव को बरामद किया गया। इधर, मुफस्सिल पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए व का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। कैलाश अपने पीछे दो पुत्र संतोष मंडल मंटू कुमार एवं पोता पोती को अपने पीछे छोड़कर चले गए। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं।

### यूआईडीआई साहिबगंज को प्रभारी डीपीएम पंचायती राज का मिला अतिरिक्त प्रभार



**साहिबगंज :** जिला पंचायती राज साहिबगंज में पदस्थापित डीपीएम राहुल कुमार का स्थानांतरण विभाग द्वारा लातेहार जिला में किया गया। कार्यहित को ध्यान में रखते हुए संदीप कुमार यूआईडीआई साहिबगंज को प्रभारी डीपीएम, पंचायती राज साहिबगंज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। संदीप कुमार ने जिला पंचायती राज कार्यालय में प्रभारी डीपीएम का प्रभार ग्रहण किया।

### गंजेटिक डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्धन को लेकर डॉल्फिन प्रहरियों को दिया गया प्रशिक्षण

**साहिबगंज :** वन क्षेत्र कार्यालय तालझारी में शनिवार को डॉल्फिन प्रहरियों को गंगा नदी में डॉल्फिन के सर्वे के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय वन्य जीव संस्थान के पांच सदस्यीय टीम में शामिल डॉ. सोमना रॉय, डब्ल्यूआईआई सदस्य गौतम, एस विश्वजीत, शांतनु व शैली ने साहिबगंज गंगा नदी में पाये जाने वाली डॉल्फिन की विस्तृत जानकारी दी। वहीं उसके संरक्षण, संवर्धन के बारे में भी बताया। डॉल्फिन सर्वे व रिसर्च से जुड़े बिंदुओं की भी जानकारी दी। डॉल्फिन पर अध्ययन के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण, उसके संचालन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। जलीय पारिस्थिकीय तंत्र व अन्य जलीय जीवों के संरक्षण की भी जानकारी दी गई। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी अमित कुमार , सुनील कुमार, जेडएसआई प्रशिक्षु ओइंद्रीला पॉल, डॉल्फिन प्रहरी पप्पू शर्मा अभिषेक आनंद, राजेश चौधरी, अजीजूर रहमान, संतोष यादव एवं अन्य मौजूद थे।



### हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर समिति का गठन

**साहिबगंज :** हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को लेकर बरहेट और भोगनाडीह मंडल की बैठक स्थान पेट्रोल पंप के निकट स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जिलामंत्री गौतम यादव उपस्थित रहे। इस बैठक की अध्यक्षता बरहेट मंडल अध्यक्ष मनीष भारती ने की। बैठक में कार्यक्रम के दृष्टिकोण से 6 सदस्यों की अभियान समिति का गठन किया गया। 12, 13 एवं 14 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर हर घर तिरंगा लगाया जाएगा। कार्यक्रम के निमित 14 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के नेतृत्व में मोटरसाइकिल के द्वारा बरहेट में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से युवा नेता गमालियेल हेंब्रम, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष उत्पल दत्त, भोगनाडीह मंडल अध्यक्ष विभीषण ठाकुर, श्याम पंडित, हेमंत शाह, चमरू साह, चंदन साह, हनीफ अंसारी, सुनील बेसरा, सरफराज, सुरेश गुप्ता, मनोज दास, विभीषण दास, बरनावास टुडू, भोला पंडित, आकाश पांडे इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना : जामा प्रखंड में 2910 आवेदन हुए प्राप्त, 1738 की हुई ऑनलाइन इंट्री

**जामा।** प्रखंड के सभी पंचायत मुख्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना के तहत योग्य लाभुकों से कुल 2910 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 1738 आवेदन का ऑनलाइन इंट्री किया गया। कैंप में आवेदन पत्र की प्राप्ति और ऑनलाइन इंट्री कराने के लिए सभी पंचायत भवन में पंचायत सचिव के निगरानी में आंगनबाड़ी सेविका, स्कूली शिक्षक, प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं अन्य कर्मियों को लगाया गया है। बीडीओ डॉ. विवेक किशोर ने बताया कि सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देश पर अब 15 अगस्त तक आवेदन प्राप्त किया जायेगा। वहीं, यदि फॉर्म वितरण में किसी तरह की अवैध रूप से शुल्क वसूली की जाती है तो फॉर्म वितरणकर्ता पर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता सहित सभी पंचायत के मुखिया, प्रतिनियुक्त कर्मी व पर्यवेक्षक मौजूद थे।



### भाजपा खलारी मंडल ने तिरंगा यात्रा निकालने का लिया निर्णय



**खलारी :** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की बैठक शनिवार को मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में चूरी उत्तरी पंचायत सचिवालय केडीएच में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री अनिल गंझु ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में रांची जिला ग्रामीण के महामंत्री प्रीतम साहू के साथ रांची जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी संजीव तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बैठक में लाये गये सभी प्रस्ताव पर विस्तृत विचार मंथन किया और उसे सफल करने का निर्णय लिया। बैठक में अगस्त क्रांति के सपूतों के बलिदानों को याद किया गया और 11 अगस्त से 14 अगस्त के बीच तिरंगा यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा और प्रयास किया जाएगा की प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा फहराया जाए। जिससे लोगो में राष्ट्रभक्ति के साथ शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानी के बलिदानों को याद रखा जाए।

---

**उपायुक्त कार्यालय में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित**

# घाट पर जेटी वोट मशीनरी सामान रखने के लिए कैमरा लगाने के निर्देश



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान पूर्व की बैठक के अनुपालन पर चर्चा करते हुए हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन की समीक्षा की गई। जहां बताया गया कि कुछ क्षेत्रों में पानी जमाव के कारण लाइट का अधिष्ठापन कार्य नहीं हुआ है। बैठक में निर्देशित किया कि राजमहल में बिजली घाट निर्माण हेतु प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया साथ ही जिले में 15 घाटों में सौंदर्यीकरण हेतु प्राक्कलन तैयार करने को कहा गया। पर्यटन, विधि-व्यवस्था आपदा, अवैध परिवहन, अवैध फिशिंग के रोकथाम के उद्देश्य से तीन वोट क्रय करने एवं शकुंतला घाट पर जेटी वोट मशीनरी सामान रखने के लिए 10 से 12 का कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया तथा पुराने पड़े वोटों की मरम्मती करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, नगर प्रशासक साहेबगंज अभिषेक सिंह, नगर प्रशासक राजमहल स्मिता किरण एवं अन्य उपस्थित थे।

**विस्थापित परिवार के लिए पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन कार्यक्रम**

## उपायुक्त ने नवनिर्मित आवास में लाभुकों को कराया गृहप्रवेश



**साहिबगंज :** भारतीय अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा मल्टीमॉडल टर्मिनल, साहिबगंज निर्माणार्थ भू-अर्जन के क्रम में विस्थापित परिवार हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के अन्तर्गत मौजा-पलटनगंज में मकान का निर्माण कराया गया। नवनिर्मित आवास का गृहप्रवेश जिला के उपायुक्त हेमन्त सती के हाथों किया गया। साथ ही पट्टा का वितरण भी किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, सहायक निदेशक विनीत पांडे, कार्यालय प्रभारी अनुपम सिंह मौजूद थे।

## बाजारों में मटरगस्ती करनेवाले लोगों से सख्ती से निपटें : एसपी



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय के सीसीटीएनएस सभागार में शनिवार को अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी कुमार गौरव ने की। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिये। साथ ही असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने चौक चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करनेवालों सख्ती से निपटने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने अवैध लॉटरी शराब जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह सहित सभी थाना प्रभारी व अन्य मौजूद थे।

## 28 अगस्त को निकाली जायेगी आक्रोश रैली : यादव

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड मजदूर संघ प्रजा० जिला समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष लपसा हांसदा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद रहे। बैठक में संगठन मजबूती और पूर्व में किए गए आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी मजदूरों का, बैंक खाता से भुगतान, अवैध खनन सहित कई मांगो को लेकर आगामी 28 अगस्त को जिला समाहरणालय साहिबगंज के समक्ष शहर का भ्रमण करते हुए आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इस बैठक में मंजू कुमारी को जिला अध्यक्ष झारखंड मजदूर संघ (प्रजा) महिला मोर्चा मनोनीत किया गया। बैठक में मौजूद प्रदीप भगत, फूल कुमारी, शकुंतला दास, सकल मुर्मू, निखिल यादव, बाबूलाल मालतो, सुनील मालतो, तूफान यादव, ललित घोष आदि मौजूद थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने शाहजहां काजू

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने मोहम्मद शाहजहां काजू को साहिबगंज का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मोर्चा के वरीय नेता शाहजहां काजू को जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। एमएस काजू ने नई जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल एवं विधायक अनंत अनंत ओझा को साधूवाद देते हुए कहा कि पूरी लगन और ईमानदारी के साथ निर्वहन कर पार्टी की उम्मीद पर खरा उतरने का सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ से जिलास्तर के अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं को लेकर संगठन को सशक्त करेंगे। एमएस काजू को मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव, मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नौशाद आलम, मोर्चा के प्रदेश मंत्री रिंकू शेख, पूर्व जिला महामंत्री बबलू शेख, पूर्व प्रदेश महामंत्री नजीबुल हक, हनीफ अंसारी, शरीफ अंसारी, तनवीर आलम, मोहम्मद क्यूम अकरम, मो. गयासुद्दीन चुन्ना, सादेकुल आलम, कमाल अहमद, जावेद अंसारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, शत्रुघ्न यादव, संजय, इसहाक आलम, मोफीजुल आलम, सोयेब अली एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त से तात्कालीक व्यवस्था कर फेरी घाट शुरू कराने की मांग की

**साहिबगंज :** साहिबगंज-मनिहारी फेरी घाट चालू कराने को लेकर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एखलाख नदीम ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि साहिबगंज से मनिहारी पानी जहाज जो विगत गई वर्षो से झारखंड व बिहार के लोगों का आने-जाने का मुख्य मार्ग रहा है। महीनों से बंद होने के कारण साहिबगंज, कटिहार व पूर्णिया जिलों के बीच साहिबगंज की आम जनता मेडिकल शादि-विवाह एवं सावन माह में बाबाधाम पूजा के लिए देवघर जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब एवं असहाय लोग कम समय एवं कम खर्च में पूजा कर पाते है। व्यवसाय पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिससे साहिबगंज जिले का आर्थिक नुकसान होता जा रहा है। श्री नदीम ने उपायुक्त से तात्कालीक व्यवस्था कर फेरी घाट को जनहित में चालू करने की मांग की है।

## एसकेएमयू में 15 विषयों के लिए चल रहा साक्षात्कार हुआ संपन्न

मेट्रो रेज

**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक के नियुक्ति के लिए चल रहे साक्षत्कार में शनिवार को अंग्रेजी विषय का साक्षात्कार संपन्न हो गया। इस विषय के लिए शुक्रवार और शनिवार को साक्षात्कार हुआ था, जिसमें कुल 58 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसमें 47 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। अंग्रेजी विषय का साक्षात्कार संपन्न होने के साथ ही अब तक कुल 15 विषयों का साक्षात्कार संपन्न हो चुका है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में कुल 18 विषयों में संविदा सहायक प्राध्यापक के कुल 273 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है जिसमें 15 विषयों का साक्षात्कार संपन्न हो चुका है। शेष विषयों में इतिहास, हिंदी और राजनीति विज्ञान शामिल हैं। इतिहास विषय का साक्षात्कार 11 और 13 अगस्त को होगा जिसमें कुल 51 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है और हिंदी विषय का साक्षात्कार 16, 17 और 18 अगस्त को निर्धारित किया गया है जिसमें कुल 89 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। जबकि एक विषय राजनीति विज्ञान का मामला न्यायालय में लंबित रहने के कारण नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल स्थगित है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय द्वारा यह नियुक्ति राजभवन एवं झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेश के आलोक में की जा रही है। इस नियुक्ति का विज्ञापन झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचित यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनुसार झारखंड सरकार के एचटीईडी द्वारा अनुमोदित रोस्टर की रिक्तियों के आधार पर जेपीएससी से असिस्टेंट प्रोफेसर की नियमित या बैकलॉग नियुक्ति होने तक किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि एनईपी के तहत नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यथाशीघ्र आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की भर्ती करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खो-खो बालिका वर्ग में जामा बना चैंपियन

मेट्रो रेज



**दुमका :** झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को दुमका के कमारदुधानी स्थित आउटडोर स्टेडियम में 19 वर्ष से कम उम्र के बालक एवं बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स,कबड्डी,खो-खो तथा तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालकों के 1500 मीटर दौड़ में सनातन टुडू तथा रोसमेल हेंब्रम, 100 मीटर की दौड़ में स्टीफन किस्कू तथा अप्पू नितेश मरांडी, गोला फेक प्रतियोगिता में अरविंद मुर्मू तथा विक्रम हेंब्रम, चक्का फेंक प्रतियोगिता में अब्दुल मतीन तथा लखीराम हंसदा, 3000 मीटर की दौड़ में विलास हांसदा तथा लखीचंद हेंब्रम, भाला फेंक प्रतियोगिता में मानवेल सोरेन तथा कुशल कुमार, ऊंची कूद प्रतियोगिता में जूलियस मरांडी तथा रॉबिन मुर्मू, लंबी कूद प्रतियोगिता में नोबेल हेंब्रम तथा उमेश सोरेन, 800 मीटर की दौड़ में स्मेल हेंब्रम तथा स्टीफन किस्कू, 600 मीटर की दौड़ में मुकेश हांसदा तथा विक्रम कुमार राणा, 400 मीटर की दौड़ में जनार्दन पुजहर तथा देवान हांसदा, 200 मीटर की दौड़ में उमेश सोरेन तथा सोना बिरुवा 4*100 मीटर रिले दौड़ में शिकारीपाड़ा तथा दुमका क्रमशः पहले तथा दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में 1500 मीटर की दौड़ में रीना मुर्मू तथा मेरुनीला मरांडी, 100 मीटर की दौड़ में संगीता हांसदा तथा सिलस्तीना सोरेन, गोला फेक में सोनमती टुडू तथा रीना मुर्मू, चक्का फेंक प्रतियोगिता में प्रीति मरांडी तथा शालू कुमारी, 4*100 मीटर रिले दौड़ में दुमका तथा जामा, भाला फेंक प्रतियोगिता में ज्योति किरण मुर्मू तथा डाली राय, ऊंची कूद प्रतियोगिता में नीलू सोरेन, लंबी कूद प्रतियोगिता में अवंती हेंब्रम तथा सेलेस्टीना सोरेन,800 मीटर की दौड़ में मीणा मरांडी तथा स्वीटी हेंब्रम,400 मीटर की दौड़ में सुनीता हांसदा तथा सेलेस्तीना सोरेन, और 200 मीटर की दौड़ में अवंती हेंब्रम और सेलेस्तीना सोरेन क्रमशः पहले एवं दूसरे स्थान पर रहीं।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने की बैठक**

# प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को भी अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए आगे बढ़कर करना होगा कार्य : डॉ. आशा लकड़ा

मेट्रो रेज



**दुमका :** समाहरणालय सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में उपायुक्त सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. आशा लकड़ा ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नियमों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद समीक्षा के क्रम में उन्होंने अनुसूचित जनजातियों के लिए जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही अनुसूचित जाति की सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के लिए विभागीय पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पूरे जिले में दर्ज प्राथमिकी की जानकारी ली। कहा कि थाना पीड़ितों के सहयोग के लिए है, किसी भी परिस्थिति में आम जनों को निराश होकर वापस न लौटना न पड़े। एक स्पेशल टीम बना लें ताकि आकस्मिक परिस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखा जा सके। सभी थाना में महिला सुरक्षा बल रहे इसे सुनिश्चित कर ले। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के संरक्षण, सुरक्षा और न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को भी अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए आगे बढ़कर कार्य करना होगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने जिलेभर में अवस्थित अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, एचएचसी, एंबुलेंस, चिकित्सकों की संख्या इत्यादि की जानकारी ली। कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की उपलब्धता 24*7 रहे। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए चिकित्सकों की रोस्टर वाइस ड्यूटी की जानकारी डिस्प्ले करे। ओपीडी का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि मरीज समय अनुसार अपना इलाज करवा सकते है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों, मोर्चरी इत्यादि किसी चीज की कमी है तो उसकी जानकारी अपने विभाग को दें। इसी क्रम में उन्होंने शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षा की। शिक्षा विभाग से संचालित सभी विद्यालय में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, नियुक्ति और उपलब्ध शिक्षकों से संबंधित प्रतिवेदन की जानकारी ली। आवासीय विद्यालय में बच्चों को बेड, मच्छरदानी, पेयजल की उपलब्धता एक बार जांच लें। विद्यालय और हॉस्टल की साफ सफाई नियमित रूप से करें।




# वेदा का नया गाना 'जरूरत से ज्यादा' हुआ रिलीज

**तमन्ना भाटिया** और जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म वेदा का नया गाना 'जरूरत से ज्यादा' रिलीज हो गया है। इसे अमाल मलिक ने कॉम्पोज किया है और अरिजीत सिंह ने दिल छू लेने वाली आवाज दी है। दर्शकों के बीच इंस्टेंट हिट साबित हुआ है। कुणाल वर्मा द्वारा लिखे गए लिरिक्स, रोमांटिक और इमोशन से भरे हुए हैं, जो 'वेदा' में लव स्टोरी को बढ़ाते हैं। तमन्ना के फैंस जॉन के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की प्रशंसा करना बंद नहीं कर रहे हैं। कई लोगों ने बताया है कि वे 15 अगस्त को रिलीज होने वाली फिल्म में उन्हें और अधिक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जॉन अब्राहम ने कहा कि जरूरत से ज्यादा' वेदा में एक सोल जोड़ता है, जो मेरे किरदार के इमोशनल और रोमांटिक साइड को सामने लाता है। यह एक ऐसा गाना है, जो प्यार को उसके प्योर फॉर्म में दर्शाता है, जिससे पता चलता है कि फिल्म सिर्फ एक्शन के बारे में नहीं है बल्कि प्यार के बारे में भी है। जॉन के बारे में बताते हुए तमन्ना भाटिया ने शेयर किया कि जॉन के साथ पहली बार काम करना एक शानदार अनुभव था, रोल के लिए उनके डेडिकेशन ने हमारी केमिस्ट्री को और भी खास बना दिया। यह गाना प्यार और यादों से भरी एक यात्रा है। मुझे विश्वास है कि यह गाने से सभी लोग कनैक्ट करेंगे। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा द्वारा लिखित 'वेदा' जी स्टूडियोज, उमेश कुमार बंसल, मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी, जॉन अब्राहम द्वारा निर्मित और मिन्नाक्षी दास द्वारा सह-निर्मित है। यह 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# 'दिल चाहता है' का जादू 23 साल बाद भी बरकरार

**'दिल चाहता है'** अपनी 23वीं एनिवर्सरी का जश्न मना रहा है और हम उस फिल्म को याद करते हैं जिसने इंडियन सिनेमा को हमेशा के लिए बदल दिया है। फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बनी और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस हुई, ये क्लासिक फिल्म दोस्ती और मॉडर्न सिटी लाइफ का सार एक अलग तारीख से दिखती है।

इस माइलस्टोन का जश्न मनाने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक गर्मजोशी भरा पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें दर्शकों पर फिल्म के कभी ना मिटने वाले प्रभाव का सम्मान किया गया है। 2001 में रिलीज हुई दिल चाहता है में आमिर खान, सैफ अली खान, अक्षय खन्ना और प्रीति जिंटा जैसी टैलेंटेड कास्ट थी। इस फि ल्म ने हमें आकाश, समीर और सिद्धार्थ से मिलवाया, जो 2000 के दशक की शुरूआत के ऐसे किरदार थे, जो उस समय के युवाओं की उम्मीदों, सपनों और संघर्षों को फिल्म के जरिए दर्शा रहे थे। अपनी नई कहानी, स्मार्ट डायलॉग्स और शंकर-एहसान-लॉय के यादगार म्यूजिक के साथ, यह फिल्म जल्द ही एक कल्चरल हिट बन गई, जिसने पूरे देश के लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। प्यार, दोस्ती और खुद की खोज का इसका चित्रण आज भी, 23 साल बाद भी रिलेट करने वाला है, जो इसे एक टाइमलेस क्लासिक बनाता है।



इस फि ल्म के जरिए एक्सेल एंटरटेनमेंट ने बॉलीवुड में कहानियों को कहने के तरीके को बदल दिया और भविष्य की फि ल्मों के लिए एक हाई स्टैंडर्ड सेट किया है। पिछले 20 सालों में एक्सेल ने कई फि ल्में बनाई हैं, जिन्हें क्रिटिक्स और ऑडियंसेज दोनों ने बेहद पसंद किया है। दिल को छू लेने वाली जिंदगी ना मिलेगी दोबारा से लेकर जॉनर-डिफाइनिंग गली बॉय तक, एक्सेल एंटरटेनमेंट ने लगातार इंडियन सिनेमा की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। उनकी दूसरी फि ल्में, जैसे डॉन 2 और गोल्ड ने भी बॉक्स ऑफि स पर काफी धूम मचाई है और ग्लोबल लेवल पर 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

जैसा कि हम दिल चाहता है के 23 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो यादगार कहानियों, कभी ना भूलने वाले किरदारों और बेहतरीन फिल्म मेकिंग के लिए मजबूत कमिटमेंट से भरी हुई है।

# विनेश को जरूर मिलेगा सिल्वर मेडल : महावीर फोगाट

**नई दिल्ली :** महिला पहलवान विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही फैसला आएगा कि विनेश को सिल्वर मेडल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है, खेल पंचाट का फैसला भारत को हक में आएगा। खेल कोर्ट यानि कोर्ट ऑफ आर्बिरेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) द्वारा विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल देने का फैसला रविवार तक टालने के बाद महावीर फोगाट ने कहा कि सुनवाई पूरी हो चुकी है। हमें सीएएस के फैसले का इंतजार है। हमें इंतजार करते तीन दिन हो गए हैं... अब जब भी फैसला आएगा



उन्हें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है, इसके लिए उनका धन्यवाद। उन्होंने उम्मीद जताई कि विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल जरूर मिलेगा। वहीं, विनेश के संन्यास लेने की घोषणा पर महावीर फोगाट ने कहा कि हमारा परिवार उनसे फैसला वापस लेने को कहेगा। हम उन्हें 2028ओलंपिक में लड़ने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

# एक बार फिर मीडिया पर फूटा तापसी पन्नू का गुस्सा

सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की चर्चा हमेशा होती रहती है। हमने तापसी को कई फिल्मों में अभिनय करते हुए देखा है। तापसी की फिल्में उनके फैंस के लिए एंटरटेनमेंट हैं। तापसी एक अन्य वजह से चर्चा में हैं, वो है मीडिया पर उनका गुस्सा। पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां तापसी ने पैपराजी पर गुस्सा निकाला है। एक बार फिर ऐसी ही घटना घटी है। ऐसे में लोग तापसी को ट्रोल कर रहे हैं।

तापसी पन्नू की मीडिया पर फिर गुस्साः फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का प्रीमियर हाल ही में मुंबई में हुआ। इस प्रीमियर समारोह में सिनेमा जगत के सभी दिग्गज कलाकार मौजूद थे। इस मौके पर एक्ट्रेस तापसी पन्नू भी मौजूद रहीं। मीडिया को देखकर तापसी पन्नू भड़क उठीं। पपराजी तापसी की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए आगे आए। तब तापसी ने उनसे कहा, 'मेरे ऊपर मत चढ़ो, तुम मुझे डरा रहे हो।' तापसी नाराज हो गईं और आगे बढ़ने लगीं। पपराजी में से किसी ने कहा, सॉरी कहो मैडम।

लोगों ने तापसी को जमकर ट्रोल कियाः तापसी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के नीचे आए कमेंट्स पर नजर डालें तो कई लोगों ने तापसी को दूसरी जया बच्चन बताया है। तापसी को अक्सर मीडिया और पैपराजी पर गुस्सा करते हुए देखा जाता है। इतना ही नहीं, वह कभी भी मीडिया से बातचीत नहीं करतीं। दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन भी मीडिया के सामने इसी तरह का व्यवहार करती हैं। यही वजह है कि लोगों ने तापसी को 'दूसरी जया बच्चन' कहा है। तापसी की फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' आज रिलीज होने जा रही है।



# नॉकआउट में जगह बनाने के लिए मुंबई सिटी एफसी से भिड़ेगी पंजाब एफसी की टीम



एजेंसी

**कोलकाता :** पंजाब एफसी की टीम 133वें डूरंड कप में नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए रविवार को ग्रुप सी के मुकाबले में आईएसएल ट्रॉफी विजेता मुंबई सिटी एफसी का सामना करेगी। यह मैच किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा और शाम 4 बजे शुरू होगा।

पंजाब एफसी के लिए एक जीत उन्हें सात अंकों पर पहुंचा देगी, जो उन्हें नॉकआउट में

## डूरंड कप

जगह दिलाने के लिए पर्याप्त हो सकती है, चाहे वह ग्रुप विजेता के रूप में हो या टूनार्मेंट में दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में।

केरल ब्लास्टर्स, जो आज सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स इलेवन के खिलाफ खेल रहे हैं, भी सात अंकों के साथ समाप्त करेंगे, लेकिन उनका गोल अंतर बेहतर है।

पंजाब एफसी ने अपने पहले मैच में सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स इलेवन को 3-0 से हराया और दूसरे मैच में केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ एक रोमांचक 1-1 ड्रॉ खेला। वहीं मुंबई सिटी एफसी को पहले मैच में केरल ब्लास्टर्स ने 8-0 से मात दी थी और दूसरे मैच में उन्हें सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स से 2-0 की हार का सामना करना पड़ा था।

पंजाब एफसी पिछले दो मैचों में आक्रमण में शानदार रहा है, जिसमें लुका माजसेन ने दो मैचों में तीन गोल करके गोल स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। निखिल प्रभु, विनीत राय और क्रोएशियाई फिलिप मर्जलियाक की नई मिडफील्ड तिकड़ी ने मिलकर बेहतरीन खेल दिखाया है और वे मिडफील्ड पर हावी होने की कोशिश करेंगे। नए हस्ताक्षर इवान नोवोसेलेक और मुशागा बाकेंगा ने केरल के खिलाफ अंतिम मैच में अपनी शुरूआत की थी और वे भी प्रभावित करने का प्रयास करेंगे।

मैच से पहले हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, ह्लहमने दोनों मैचों में काफी अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। मुंबई सिटी के खिलाफ मैच हमारे लिए अहम है क्योंकि जीत हमें नॉकआउट के करीब ले जाएगी। हम विपक्ष को हल्के में नहीं लेंगे और पेशेवर प्रदर्शन करके तीनों अंक हासिल करेंगे।

मुंबई सिटी एफसी ने इस टूर्नामेंट के लिए अकादमी और रिजर्व टीम के खिलाड़ियों को लेकर एक अनुभवहीन टीम को मैदान में उतारा है।

# पेरिस ओलंपिक : मुक्केबाजी के अंतिम दिन उज्बेकिस्तान ने जीते दो स्वर्ण



एजेंसी

**पेरिसः** रोलांड गैरोस में मुक्केबाजी के अंतिम दिन शुक्रवार को चार स्वर्ण पदक दिए गए, जिसमें चीन की वू यू, अल्जीरिया की इमान खलीफ और उज्बेकिस्तान की जोड़ी असदखुजा मुयदिनखुजाएव और लाजीजबेक मुलोजोनोव ने स्वर्ण पदक जीता।

महिलाओं के 50 किग्रा के फाइनल में, चीन की वू यू ने तुर्किये की बुसे नाज काकिरोग्लू को विभाजित निर्णय के माध्यम से 4-1 से हराकर मुक्केबाजी में चीन का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

दूसरी ओर, यांग लियू चीन के स्वर्ण पदकों की संख्या में इजाफा नहीं कर सकीं और महिलाओं के 66 किग्रा वर्ग के फाइनल में इमान खलीफ से सर्वसम्मत निर्णय से हार गईं। पुरुषों के 71 किग्रा के फाइनल में, 1968 के बाद से मैक्सिको के पहले ओलंपिक स्वर्ण की तलाश कर रहे मार्को वर्डे, उज्बेकिस्तान के असदखुजा मुयदिनखुजाएव से हार गए।

मुयदिनखुजाएव के फुटवर्क ने मैक्सिकन खिलाड़ी को कमियों को तीन राउंड में उजागर कर दिया, क्योंकि उज्बेक ने वर्डे के चारों ओर घेरा बनाया, अपने कंधे के रोल का उपयोग करके प्रभावी ढंग से मुक्कों को अंजाम दिया। यह परिणाम उज्बेकिस्तान के खेलों का दूसरा मुक्केबाजी स्वर्ण है।

उज्बेकिस्तान ने जल्द ही अपने तीसरे स्वर्ण का जश्न मनाया, जब लेज़िज़बेक मुलोजोनोव ने पुरुषों के 92 किग्रा फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय के माध्यम से अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो को हराया।

# पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम का जोरदार स्वागत

## पूरे देश को खुशी मनाते देखना एक अवर्णनीय एहसास है : हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को स्वदेश लौट आई है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने पर टीम का जोरदार स्वागत हुआ। टीम के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर फैन्स भी पहुंचे थे। ढोल-नगाड़े के साथ जश्न मनाया। इस दौरान भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों न भांगड़े की थाप पर डांस भी किया। शानदार स्वागत पर भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि भारतीय प्रशंसक पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने पर हमें बधाई देने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम ने ओलंपिक की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी और आपके प्रयासों को सफल होते देखना, पूरे देश को हमारी जीत पर खुशी मनाते देखना, एक अवर्णनीय एहसास है।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में हरमनप्रीत ने कहा कि पेरिस ओलंपिक एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। हम आने वाले कुछ समय तक इन यादों को संजोकर रखेंगे। इस कांस्य पदक के साथ टीम ने साबित कर दिया है कि भारतीय हॉकी फिर से पटरी पर आ गई है। उन्होंने



कहा कि हमें बस अपनी टीम पर विश्वास और भारतीय हॉकी प्रशंसकों के अटूट समर्थन की आवश्यकता है। मैं उनसे हॉकी से प्यार करना जारी रखने, हमारा समर्थन करना जारी रखने का अनुरोध करता हूं और हम आपके लिए यह सब जीतेंगे।

टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने टीम में भाईचारे की चर्चा करते हुए कहा कि हमें एक-दूसरे पर यह अटूट विश्वास था कि अगर आप एक कदम चूक गए तो टीम का कोई साथी तुरंत आगे आकर आपकी भरपाई कर देगा। यही बात हमें मैदान पर हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करती है।

भारतीय टीम ने दिखाया शानदार खेलः पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार खेल दिखाया। टीम ने ओलंपिक में 52 साल बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया। फिर इसके बाद क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया। भारतीय टीम ने अमित रोहिदास को दूसरे क्वार्टर में रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद 40 मिनट से अधिक समय तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेला। इसके बावजूद टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि सेमीफाइनल में भारत को जर्मनी के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन भारतीय टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हरा दिया और कांस्य पदक अपने नाम किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सप्तक्रांति एक्स ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**पूर्वी चंपारण :** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के बलुआ ओवरब्रिज के समीप शनिवार को अप सप्तक्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मलाही थाना के नगदाहां गांव निवासी विंध्याचल प्रसाद (59) के रूप में हुई है।बताया गया कि बलुआ आरओबी के समीप विंध्याचल प्रसाद अप सप्तक्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनका शरीर कमर के पास से दो हिस्सों में विभक्त हो गया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची बापूधाम मोतिहारी रेल थाना पुलिस शव को रेलवे ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। रेल थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### तकनीकी खराबी से जिगना रेलवे स्टेशन पर रुकी ट्रेन, कोच बदलकर किया रवाना

**मीरजापुर :** जोगबनी से आनंद विहार टर्मिनल जा रही सीमांचल एक्सप्रेस शनिवार को जिगना रेलवे स्टेशन पर अचानक रोकी गई। ट्रेन के एसी थ्री कोच में तकनीकी खराबी होने के कारण उक्त कोच को अलग कर यात्रियों को दूसरे कोच में बैठाकर प्रयागराज की तरफ रवाना किया गया। जोगबनी से आनंद विहार टर्मिनल जा रही ट्रेन जिगना स्टेशन पर दो घंटे से अधिक समय तक रुकी रही। इस दौरान यात्रियों में अफरातफरी मची रही। कोच को ट्रेन अलग कर प्रयागराज से दूसरा कोच लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि ट्रेन के एस थ्री कोच में तकनीकी खराबी होने के चलते रोकी गई थी। कोच को ट्रेन से अलग कर, दूसरा कोच लगा गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार दो छात्रों और चालक की मौत



**जयपुर:** जयपुर में ट्रक से स्कोडा कार भिड़ गई, जिसमें दो छात्रों सहित वाहन चालक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आगे से कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर का शव कार में बुरी तरह से कार में फंस गया था। घंटे भर की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। रामनगरिया थाने के डीओ रमेश कुमार ने बताया कि शनिवार रात डेढ़ बजे पुलिस कंट्रोल रूम को हादसे की सूचना मिली थी। प्रताप नगर के एनआरआई सर्किल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचा। मौके पर स्कोडा कार में अमीष (19) पुत्र राजीव वाधवा निवासी मानसरोवर और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया निवासी पाम कॉलोनी जगतपुरा मिले। दोनों गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शव इसी हॉस्पिटल में रखवा दिए गए थे। जानकारी के मुताबिक स्कोड़ा कार वेदांत की थी। वेदांत का ड्राइवर विकास कार चला रहा था। दुर्घटना के बाद उसका शरीर कार में बुरी तरह से फंसा हुआ था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला गया। विकास के शव को एसएमएस की मोर्चरी में रखवाया गया है। अमीश और वेदांत के परिवार वालों को पुलिस ने रात में ही सूचना दे दी थी। आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। विकास सीतापुरा में ही किराए के मकान में रहता था। मौके पर पुलिस को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रताप नगर से होते हुए जवाहर सर्किल की तरफ कार जा रही थी। ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज गति से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई। ट्रक में सब्जियां भरी थीं।

### कानपुर में 195 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं राष्ट्र ध्वज

**कानपुर:** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कानपुर नगर के 195 समूहों को राष्ट्र ध्वज तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। समूह की महिलाओं को 15 अगस्त से पूर्व 3 लाख 44 ध्वज तैयार करना है। यह जानकारी रविवार को राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण उपायुक्त स्वरोजगार सुधा देवी शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दो करोड़ राष्ट्र ध्वज तिरंगा तैयार करने का लक्ष्य है। जिसमें से कानपुर नगर को 3 लाख 44 हजार का लक्ष्य दिया गया है। स्वयं सहायता समूहों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह से जुड़ी गांवों की महिलाओं के लिए रोजगार मिला है। कानपुर के सभी ब्लाकों में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आमदनी होने के साथ ही राष्ट्र भावना जागृत हो रही है। सभी समूह अपने–अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि तिरंगा झंडा तैयार करने के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय कुल 195 स्वयं सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अपने कार्य में लगे हुए हैं। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में सभी स्वयं सहायता समूह जुट गए हैं। निर्धारित तिथि तक सभी समूह झंडा तैयार कर लेंगे। इस वर्ष पूर्व की लक्ष्य से अधिक काम दिया गया है। स्वयं सहायता समूह में जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन अपने कार्य को आगे बढ़ा रही है। इस कार्य से उन्हें कुछ पारिश्रमिक भी शासन उपलब्ध कराएगा।

### आरक्षण मामले में कांग्रेस पार्टी के बयान में रत्तीभर सच्चाई नहीं : मायावती

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी एससी–एसटी के आरक्षण मामले में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रेय देने के बजाय पं. नेहरू व गांधी जी को दिया है, जिसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है। उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती रविवार को पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। यह बैठक आगामी उपचुनाव समेत पार्टी हित को लेकर होगी। इससे पहले मायावती ने शनिवार को एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण को लेकर प्रेसवार्ता की थीं। ठीक उसी के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान आया था। इस पर मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोला है। मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया के एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शनिवार को बसपा की प्रेसवार्ता के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिए बयान की जानकारी मिली, जिससे एससी-एसटी के समक्ष कांग्रेस पार्टी के बयान में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को नहीं बल्कि पं. नेहरू व गांधी जी को आरक्षण का श्रेय दिया गया है, जिसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं। जबकि वास्तव में आरक्षण का पूरा श्रेय बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को ही जाता है, जिनको किस तरह से कांग्रेस के लोगों ने संविधान सभा में जाने से रोकने का षडयन्त्र रचा तथा उनको चुनाव में भी हराने का काम किया। कानून मंत्री पद से भी इस्तीफा देने को विवश किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह कहा कि देश में एससी व एसटी वर्गों के उपवर्गीकरण के सम्बन्ध में पार्टी के स्टैण्ड का खुलासा करने के पहले इनकी पार्टी एनजीओ व वकीलों आदि से विचार-विमर्श करेगी, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस उपवर्गीकरण के पक्ष में है।

# हिमाचल में बारिश का तांडव : मंदिर बहा, घरों में घुसा पानी, भूस्खलन से पांच हाइवे बंद

**अगले 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी**

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश ने तांडव मचा दिया है। बाढ़ व भूस्खलन से कई इलाकों में जनजीवन अस्तव्यस्त है। जनजातीय जिला किन्नौर के पूह तहसील में फ्लैश फ्लड से भयंकर भूस्खलन हुआ है। पूह से रोरिक तक नेशनल हाइवे के कई किलोमीटर हिस्से में भारी भूस्खलन हुआ है। इससे हाइवे पूरी तरह बाधित हो गया है। माना जा रहा है कि बादल फटने के बाद यहां फ्लैश फ्लड आया है। हालांकि फ़्लैश फ्लड व भूस्खलन से किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।



उधर, सिरमौर जिला में बीती रात से हो रही मूसलाधार वर्षा से गिरी, यमुना और मारकंडा नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है और प्रशासन ने लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है। सिरमौर जिला के मुख्यालय नाहन के बनकलां पंचायत में उफनती नारकंडा नदी तबाही मचा रही है। रविवार की सुबह बनकलां में नदी किनारे बना मंदिर को सैलाब बहा ले गया। पलक झपकते ही मंदिर पानी में समा गया। नाहन इलाके की सलानी कटौला पंचायत में नदी का जलस्तर सलानी पुल तक पहुंच गया है और पुल खतरे की जद में आ गया है। सैलाब से यहां कई बीघा क्षेत्र में फसलें बह गई।

ऊना जिला में देर रात से हो रही तेज बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ऊना में कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानो में बरसाती पानी घुस गया है। राजधानी शिमला में भी बीती रात से बारिश का दौरा जारी है। जिला के चौपाल उपमंडल ग्राम पंचायत पौड़ियां के गांव तारापुर में धनग नाले में आई बाढ़ में कई बागवानों के सेब के पौधे और सेब की पेटियों के मलबे में दबने से भारी नुकसान हुआ है।

**अगले 24 घण्टे भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट, बाढ़ की चेतावनी**

मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टे यानी सोमवार तक 10 जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। ये अलर्ट बिलासपुर, चम्बा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना जिलों के लिए जारी हुआ है। इसके साथ ही अगले 24 घण्टे छह जिलों चम्बा, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में बाढ़ आने की चेतावनी दी गई है। 16 अगस्त तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात नाहन में सबसे ज्यादा 196 मिलीमीटर वर्षा हुई। ऊना में 135, धौलाकुआं में 117, पांवटा साहिब में 110, कांगड़ा में 85, पालमपुर में 82 और बिलासपुर में 52 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।

**भूस्खलन से पांच एनएच और 288 सड़कें अवरुद्ध:** राज्य में हो रही व्यापक वर्षा से कई सड़कों के अवरुद्ध होने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक राज्य भर में भूस्खलन से पांच नेशनल हाइवे और 288 सड़कें बाधित हैं। मंडी में दो, सिरमौर, कुल्लू और किन्नौर में एक–एक नेशनल हाइवे बंद है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 96 सड़कें बंद हैं। शिमला में 76, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चम्बा में 26, लाहौल–स्पीति में सात, हमीरपुर में पांच और कांगड़ा व किन्नौर में चार–चार सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 458 बिजली ट्रांसफार्मर और 48 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। चम्बा जिला में सबसे ज्यादा 204 और सिरमौर में 119 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। कुल्लू में 21, मंडी में 20 और शिमला में 13 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। भारी वर्षा से कुल्लू में 25 और शिमला में 16 पेयजल स्कीमें ठप हैं।

## कोकरनाग मुठभेड़ : एक नागरिक की मौत, बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी

**अनंतनाग:** अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान जंगल में आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल एक नागरिक ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में अभी तक दो सैन्यकर्मी बलिदान हुए हैं जबकि एक नागरिक की मौत हुई है। जिससे चल रहे अहलान कोकरनाग ऑपरेशन में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। इस दौरान चार सेना के जवान घायल भी हैं जिनका उपचार जारी है। बलिदानी सैन्यकर्मियों की पहचान हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के रूप में हुई है। क्षेत्र में आतंकियों की तलाश में अभियान फिलहाल जारी है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए दो नागरिकों में से एक ने रविवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शनिवार को कोकरनाग क्षेत्र के अहलान जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान बलिदान हो गए जबकि चार अन्य घायल हो गए। जबकि दो नागरिक भी गोली लगने से घायल हुए। जिन्हें तुरंत मौके से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि चुनौतीपूर्ण इलाके के कारण संचार बाधित है। खराब मौसम भी अभियान में बाधा बन रहा है। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट से मकान का लिंटर गिरा, मलबे में दबकर बेटे और पत्नी की मौत

एजेंसी

**जालौन : कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेहलूआ में देर रात अखिलेश अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ सो रहे थे। रात के समय सिलेंडर में गैस रिसाव हो गया और सुबह जब गैस जलाई तो गैस रिसाव के कारण अचानक आग का गुबार बन गया। मकान के चारों तरफ की दीवार विस्फोट के साथ चटक गई और ऊपर से लेंटर गिर गया। मकान में सो रहे अखिलेश उसकी पत्नी मोहिनी, 12 वर्षीय बेटी अदिति और 6 वर्षीय बेटा देव उसमें दब गए।



इस मलबे में दबकर पत्नी और बेटे की मौत हो गई।

सुबह के वक्त तेज धमाके की आवाज सुनाई दी तो पास में रहने वाले भाई और आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। मकान का मलवा देख उसमें दबे अपने छोटे भाई अखिलेश उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को मलवे से बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने अखिलेश की पत्नी मोहिनी और 6 वर्षीय बेटे देव को मृत घोषित कर दिया। जबकि अखिलेश तथा 12 वर्षीय बेटी अदिति की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने पत्नी और बेटे को मृत घोषित कर दिया है और अखिलेश व उसकी बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

## भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में राज्य में अलग-अलग स्थान पर चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। इस दौरान एक सिंगल बैरल गन (देशी निर्मित), दो संदिग्ध आईईडी, एक 9मिमि पिस्तौल (देशी निर्मित) मैगजीन के साथ, पांच जिंदा गोला बारूद राउंड, आठ एचई-36 हैंड ग्रेनेड, दो ट्यूब लांचर, एक इंसास राइफल मैगजीन, चार .303 एलएमजी मैगजीन, दो रेडियो



वायरलेस सेट (बाओफोंग लिखा हुआ), तीन स्मोक ग्रेनेड और एक स्टन ग्रेनेड मोंगजाम और ताओरेम गांवों, इंफाल पूर्वी जिले से बरामद किये गये।

एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान लींगंगटाबी, चंदनपोकपी और मंगजिंग, बिष्णुपुर जिले से दो 12 बोर सिंगल बैरल, एक संशोधित .303 राइफल, आठ एचई-36 ग्रेनेड, दो एसएलआर मैगजीन, दो चीनी हैंड ग्रेनेड, तीन स्टन ग्रेनेड, दो ट्यूब लांचर, दो आर्मिंग रिंग, आठ लाइव एचडी कारतूस, दो खाली एचडी कारतूस, दो खाली एचडी कारतूस, एक डेटोनेटर (चीनी) बरामद किया गया। इसके अलावा एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान थौबल जिले के वाथौ रिज की तलहटी से एक एके राइफल (संशोधित), एक बोर बैरल, एक दंगा रोधी बंदूक, दो 9 मिमी पिस्तौल (देश निर्मित), 10 एचई-36 हैंड ग्रेनेड, एक 2₹ मोटर शेल, एक 80 एमके-आई शेल, चार रबर बुलेट, दो टियर स्मोक शेल, एक टियर स्मोक शेल एलआर, 54 जीवित गोला बारूद राउंड, तीन डेटोनेटर, दो बाओफेंग रेडियो सेट, एक एमके-13 टी-कारतूस, एक एमके-12-टी कारतूस और एक एमके-3 टी कारतूस बरामद किया गया।

एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम गांव से दो डबल बैरल बंदूक, एक दूरबीन, एक हैंडहेल्ड मोटोरोला का छोटा सेट और तीन आधार कार्ड बरामद किए गए। एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान, इंफाल पूर्वी जिले के मंगोलम और कामू से एक पम्पी, तीन मोर्टार बम, एक पम्पी लकड़ी का आधार, 13 फायर किए गए खोखे बरामद किए गए। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## मणिपुर पुलिस ने 208 लोगों को लिया हिरासत में



एजेंसी

**इंफाल:** मणिपुर पुलिस द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में कानून की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 208 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-37 पर 38 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर 163 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 105 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

**हिमाचल में वित्तीय संकट से जूझ रही सरकार ने मुफ्त से किया किनारा**

# 2 हजार करोड़ जुटाने के लिए कई स्कीम बदली

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार वितीय संकट का सामना कर रही है। राज्य की माली हालत इतनी खस्ता हो गई है कि हर माह भारी-भरकम कर्जा उठाना पड़ रहा है। अब राज्य सरकार अपने खजाने भरने के विभिन्न तरीके तलाश रही है। सुक्खू सरकार कड़े फैसले लेकर आर्थिक व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद में जुट गई है। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में चलाई गई योजनाओं को बदलकर राजस्व जुटाने के तरीके निकाले गए हैं। राज्य सरकार खजाना भरने के लिए कई बड़े निर्णय ले चुकी है। इन्हें जमीनी स्तर पर लागू होने से इस वितीय वर्ष में सरकार को करीब दो हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का अनुमान है।

पिछली कैबिनेट बैठक में सुक्खू सरकार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना में बदलाव कर



साधन संपन्न लोगों को इसके दायरे से बाहर कर दिया है। इसके अलावा होटल कारोबारियों को झटका देते हुए कमर्शियल मीटर पर दी गई सब्सिडी को भी खत्म कर दिया है। इन कदमों से बिजली बोर्ड सालाना लगभग 900 करोड़ रुपए अर्जित करेगा और सरकार को बोर्ड को भारी भरकम ग्रांट देनी नहीं पड़ेगी। दो दिन पहले सुक्खू कैबिनेट ने भाजपा सरकार की गांवों में मुफ्त पानी योजना को भी बंद कर दिया है। गांवों में अब गरीबों, एकल महिलाओं, विधवाओं व दिव्यांगों को छोड़कर अन्य लोगों को मुफ्त पेयजल सुविधा नहीं मिलेगी। प्रति घरेलू पेयजल कनेक्शन पर 100 रूपया मासिक और व्यवसायिक पेयजल कनेक्शन पर 100 रूपया मासिक के साथ मीटर रीडिंग के आधार पर पानी के बिल आएंगे। इससे सरकार को जल शक्ति विभाग को बिजली बोर्ड की करीब 800 करोड़ रुपए की अदायगी करने में मदद मिलेगी।

सुक्खू कैबिनेट ने पुलिस कर्मचारियों को एचआरटीसी बस यात्रा में सफर करने पर प्रतिपूरक राशि देने का फैसला किया है। ऐसे में पुलिस कर्मियों के वेतन से मासिक 110 रुपए नहीं कटेंगे और उन्हें एचआरटीसी बसों में सफर के दौरान अपनी जेब ढीली करनी पडेगी। इस फैसले को भी मुनाफा अर्जन के साथ देखा जा रहा है।

प्रदेश सरकार राजस्व जुटाने के लिए खनन नियमों में भी संशोधन कर चुकी है। इसके अलावा नई आबकारी नीति लागू होने से शराब के ठेकों की हर वर्ष नीलामी से सरकार को 600 करोड़ की आय होगी। शिक्षा विभाग में शून्य पंजीकरण वाले 99 स्कूलों और दो से पांच संख्या विद्यार्थियों वाले 460 स्कूलों को बंद कर भी सरकार अपने राजस्व की बड़ी राशि की बचत कर रही है। सुक्खू कैबिनेट के कर्मचारियों की स्टडी लीव पर जाने पर वेतन का 40 फीसदी देने के फैसले से भी करोड़ों का खर्चा बचेगा। सरकार अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए नई नीति लेकर आई है, इससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की संभावना है। पूर्व सरकार से चल रही हिमकेयर योजना का दायरा सीमित करने से भी सरकारी कोष की बचत होगी। सरकार ने हिमकेयर योजना से निजी अस्पतालों को बाहर कर दिया है। इससे सरकार को निजी अस्पतालों को भारी भरकम राशि नहीं देनी पड़ेगी। सरकार का तर्क है कि सरकारी अस्पतालों में जो मामूली आप्रेशन 25 हजार रुपए खर्च करके हो जाता है, वो आप्रेशन कुछ निजी अस्पतालों में एक लाख रुपए तक होता है। हिमकेयर योजना में इसका खर्चा सरकार को वहन करना पड़ता था।

पिछले वितीय वर्ष में राज्य सरकार ने राजस्व जुटाने के लिए दो बड़े कदम उठाए थे। इसके तहत डीजल पर वैट सात फीसदी बढ़ाया गया था। इसके अलावा स्टाम्प शुल्क में भी कई गुणा बढ़ोतरी हुई थी। इससे सरकार के खजाने में करोड़ों का राजस्व आ चुका है।

**ये है प्रदेश की मौजूदा वित्तीय हालात**

प्रदेश सरकार पर करीब 85 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। प्रदेश सरकार के बजट का बड़ा हिस्सा कर्ज की देनदारियां चुकाने और कर्मचारियों के वेतन व पेंशन पर खर्च हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश सरकार की बजट राशि 62421 करोड़ रुपए है। इसमें प्रति 100 रुपए में से वेतन पर 25 रुपए, पेंशन पर 17 रुपए, ब्याज अदायगी पर 11 रुपए, ऋण अदायगी पर 9 रुपए, स्वायत्त संस्थानों की ग्रांट के लिए 10 रुपए तथा शेष बचे पूंजीगत कार्यों के लिए 28 रुपए खर्च करने होंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**मांडर :** रांची-डालटनगंज मार्ग एनएच-39 स्थित मांडर कॉलेज गेट के समीप शनिवार को दो मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गयी। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, मुरपा निवासी 38 वर्षीय वीरेंद्र लोहरदगा की ओर से आ रहा था। वहीं, तेज रफ़्तार होने के कारण मुरजुली निवासी रफीक अंसारी उम्र 65 वर्ष को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गये। घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें मांडर के रेफरल अस्पताल लाया गया। वहीं, गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## पार्सल में हेर-फेर करने का लगाया आरोप

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पंचगढ़ निवासी सरिता दीक्षित ने थाना में आवेदन देकर पार्सल हेरफेर करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है। कि अपनी बेटी का सगुन पुणे भेजी थी। जानकारी नहीं रहने से सुजीत पार्सल के बगल वाले दुकान से पैकिंग कराई। सुजीत ने बोला पैकिंग नहीं चलेगा। बोला पैक कर के भेज देंगे। सामने पैक करने बोली तो बात नहीं माना और सामान स्कैन करके कागज थमा दिया। पार्सल में एक बनारसी वर्क की साड़ी और श्रृंगार का सामान था। 7 अगस्त को पार्सल पहुंचा तो उसमें एक पुराना साड़ी और जैकेट निकला। पीड़िता ने उचित कार्रवाई कर सामान दिलाने की गुहार लगाई है।

## फूड सेफ्टी की टीम ने खाद्य पदार्थों का लिया सैम्पल, वसूला जुर्माना

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2024 के अवसर पर खाने-पीने की सामग्री को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पूर्ण रूप से सक्रिय होकर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को फूड सेफ्टी टीम द्वारा स्थायी खानपान की दुकानों तथा अस्थायी ढाबों, रेस्टोरेंट व होटल दुकानों का निरीक्षण किया। इन खाद्य सामग्री विक्रेताओं की दुकानों से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिये। इन सैम्पल को गुणवत्ता जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। साथ ही लैब की जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं विभिन्न दुकानदारों से जुमार्ने की राशि भी वसूल की गयी और आवश्यक कार्रवाई वैसे दुकानदारों पर की गई है।

## युवती ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह :** नगर थाना क्षेत्र के कोलडीहा में रिया केशरी नामक 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की



जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि मृतका रिया की सगाई हो चुकी थी और कुछ महीने बाद ही शादी होने वाली थी। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त रिया और उसका भाई घर पर ही था। जबकि उसकी मां अपने मायके गई हुई थी। मृतका के भाई दीपक केसरी ने बताया कि दोपहर का खाना खाने के बाद वो मकान के नीचे अपने मिठाई दुकान में चला गया था। इसके बाद शाम सात बजे जब ऊपर आया, तो देखा कि उसकी बहन रिया का शव सीलिंग फैन से दुपट्टे के जरिये फंदे से झूल रहा है। भाई दीपक ने ही उसे नीचे उतारा, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं थी। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई है। नगर थाना पुलिस मृतका रिया के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच कर रही है।

## दुर्गा सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट : पहले सेमीफाइनल में मधुपुर ने दुमका को हराया

मधुपुर। शहर नगरपरिषद के समीप रेलवे फुटबॉल मैदान में यंग स्पोर्टिंग क्लब एवं योर्स क्लब के साथ नियुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय दुर्गा सौरेन मेमोरियल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच एफसी क्लब मधुपुर का मुकाबला दुमका से खेला गया। इस मैच का उद्घाटन योर्स क्लब के



अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से कीक मारकर किया। पहला सेमीफाइनल मैच एफसी क्लब मधुपुर व दुमका के बीच खेला गया। जिसमें मधुपुर की टीम ने 3-1 से दुमका को पराजित कर फाइनल में पहुंच गया। वहीं, शुक्रवार को खेले गये दूसरे क्वार्टर फाइनल में मधुपुर एफसी ने जमालपुर को हराया था।

## स्कूल वैन चालक की हैवानियत, चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**जमशेदपुर :** मानगो थाना क्षेत्र में स्कूली वैन चालक की हैवानियत सामने आई है। यहां चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। स्कूल ले जाने के दौरान स्कूली वैन चालक ने वैन में बच्ची के साथ गलत करने प्रयास किया। हालांकि, बच्ची डर से घर में कुछ बोल नहीं रही थी जब ज्यादा दर्द हुआ तो बच्ची ने रो-रोकर अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को पूरी जानकरी दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस स्कूली वैन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद पूरे शहर में स्कूली वैन चालक के खिलाफ आक्रोश दिख रहा है। वहीं स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हो गया है।

## खुदीराम बोस की जयंती मनायी गयी

**जमशेदपुर :** देश के अमर शहीद खुदीराम बोस की जयंती को देशभर मे मनाया गया। वहीं, जमशेदपुर मे भी आम से लेकर



खास लोगों ने अमर शहीद को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के युवा बुद्धिजीवि सेवा समिति ने इस मौके पर विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। बागुनहातू फुटबॉल मैदान से यह रैली निकाली गयी जो भुइयांडीह दुर्गा पूजा मैदान पहुंची जहां बंग बंधु संस्था के सैकड़ों सदस्य शहरभर से इस रैली मे शामिल हुए। इसके बाद रैली सीधे मानगो स्थित खुदीराम बोस के प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां सभी ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष तरुण डे ने बताया कि खुदीराम बोस देश के वैसे शहीद थे जिन्होंने बाल आयु में ही देश के लिए अपनी शहीदी दे दी थी। ऐसे महान बलिदानी से आज हम युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### जोजोबेड़ा निवासियों संग पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की बैठक

# लोगों की समस्याओं से हुए अवगत, स्थानीय विधायक पर क्षेत्र की उपेक्षा का लगाया आरोप

मेट्रो रेज

**जमशेदपुर :** जोजोबेड़ा में स्थानीय निवासियों के आग्रह पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार उनके बीच पहुंचें। इस दौरान बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं को युवाओं और महिलाओं ने रखा। बैठक में स्थानीय विधायक द्वारा क्षेत्र की उपेक्षा का विषय प्रमुख रहा, जिसपर भाजपा नेता और बस्तीवासियो ने आलोचना की और कहा कि अब बदलाव का समय है। बैठक में उपस्थित जनसमूह ने बताया कि क्षेत्र की समस्याएं गंभीर हैं और निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी का अंबार, सार्वजनिक शौचालय का हाल-बेहाल, नाली बजबजाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावे बस्ती की मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी विधायक



संवेदनशील नहीं दिखते हैं। बैठक में उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि आसन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, पप्पू मिश्रा, राम अवतार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार, उपेंद्र कामत, अधिवक्ता संजय राय, सीमा देवी, अनमन देवी, पूजा देवी, मलिक कामत, कमलेश प्रसाद, शुभम मिश्रा, दीपक भट्ट, कृष्णा यादव, करन सिंह, सौरव, दीपक और सैकड़ों अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने निमित्त उचित फोरम पर ज्ञापन समर्पित करेंगे। भाजपा समर्थक बहुल क्षेत्र होने के कारण स्थानीय विधायक द्वारा क्षेत्र को विकास योजनाओं से उपेक्षित और वंचित रखा जाना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्हें क्षेत्र की उपेक्षा को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

## जमशेदपुर भाजपा में फूट

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पूर्व जमशेदपुर जिला भाजपा में फूट नजर आ रहा है। विगत दिनों जिला भाजपा कमिटी का विस्तारीकरण किया गया था जिससे बड़ी संख्या में पार्टी के पुराने कार्यकर्ता नाराज हैं। वहीं, जिला अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, इनके द्वारा साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी के जिला कमिटी के पूर्व महामंत्री राकेश सिंह के द्वारा इसकी अध्यक्षता की गयी। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा के द्वारा मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ता व नेता दोनों को छोड़कर अपने अनुसार चुनिंदा नेताओं को जिला कमेटी के विभिन्न पदों में शामिल कर दिया है, जबकि कई अनुभवी व पुराने कार्यकर्ताओं को जिला कमिटी से दरकिनार किया गया है।

## देवर ने भाभी को उतारा मौत के घाट

मेट्रो रेज

**बिरनी/गिरिडीह।** प्रखण्ड के खैरीडीह पंचायत अंतर्गत लंगूरडीहा में देवर ने अपने सगी भाभी को कुदाल से मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय गीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए



मृतक महिला की गोतनी सुनीता देवी ने बताया कि वह ट्रैक्टर से अपना खेत जोतवा कर देर शाम घर लौटी थी तभी देर से घर लौटने पर पति इंद्रदेव राणा मुझे डांटने लगे। बात बढ़ी और वह मुझे मारने लगे यह देख बेटा ने पिता को टोका तो पति बेटे को भी मारने लगे। बेटा को यह सहन नहीं हुआ और बेटे ने भी पिता को एक जोरदार चांटा लगा दिया। इसी दौरान बीच-बचाव करने गीता देवी दौड़ी और उसे बचाने का प्रयास किया तभी आरोपी ने सामने रखे कुदाल से गीता के माथे पर कई वार कर दिया। मारते ही महिला जमीन पर गिर गई जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।

## झामुमो युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

मेट्रो रेज

**देवघर :** जिले के पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा मोड़ समीप कला केन्द्र में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जन्मदिन मनाया गया जिसमें जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह मुर्मू एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी सारठ विधानसभा सुरेन्द्र रवानी ने केक काट कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर आन्दोलनकारी युधिष्ठिर सिंह यादव, मुखिया देवेन्द्र मुर्मू, जिला परिषद सदस्य मिसिल हांसदा, सारठ विधानसभा के युवा समाजसेवी विक्की बाबू, दीलीप



मरांडी, ओमप्रकाश यादव, मनोहर हांसदा, राजेन्द्र हांसदा, हरेंद्र हांसदा, सनातन टुडू, कमलेश टुडू, भागवत हांसदा, योगेन्द्र सोरेन, पिंटू सोरेन, मनोहरी सोरेन, सुरेश मरांडी, कृष्णा किस्कू, सुबेश मुर्मू सहित कई झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के जन्मदिन को लेकर रहा उत्साह

**गिरिडीह :** झामुमो जिला कार्यालय में शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से केक काटकर एवं एक दूसरे को केक खिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया। मौके पर विधायक श्री सोनू ने कहा कि झारखंड के मुखिया 49 वर्ष के हो गये है। उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना लेकर पूरे झारखंड में झामुमो के साथियों ने जन्मदिन मनाया।

## मधुमेह और थायराइड विशेषज्ञ डॉ. सौम्यसेन गुप्ता कोल्हान के साथ-साथ झारखंड के भी हैं गौरव

ज्योति पाठक

**चक्रधरपुर :** चिकित्सक एक ऐसा शब्द है जिसके नाम मात्र से ही व्यक्ति को राहत और आराम के साथ-साथ समुचित मार्गदर्शन से उपचार के साथ-साथ व्यक्ति को राहत और आराम भी पहुंचता है। पश्चिम सिंहभूम चाईबासा मुख्यालय में उत्कृष्ट चिकित्सक के रूप में पहचाने जाने वाले कोल्हान के गौरव डॉ. सौम्यसेन गुप्ता अपने क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों का भी समुचित ईलाज और मार्गदर्शन के कारण पूरे झारखंड में मधुमेह और थायरायड विशेषज्ञ के रूप में पहचाने जाते हैं।



यही नहीं झारखंड, बिहार के अलावे अन्य राज्यों में भी आयोजित सेमिनार संगोष्ठी या फिर व्याख्यान जैसे कार्यक्रम में डॉ. गुप्ता कई बार शिरकत भी कर चुके हैं। उनकी बेहतर ईलाज पद्धति को अन्य चिकित्सकों को भी काफी सराहा है। उनके द्वारा रोग और उपचार दोनों विषय पर अनुभव और जानकारी इतनी है कि वह निदान के प्रति भी सकारात्मक सुझाव से लोगों को अवगत कराते हैं। इनके द्वारा मधुमेह रोग पर किये गये रिसर्च का ही यह निष्कर्ष है कि इससे पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी दवा और उपचार काफी राहत पहुंचाता है। इनका स्पष्ट मानना है कि रोग है तो उपचार भी है। इसका सकारात्मक समाधान भी है। केवल नियमित रूप से चिकित्सक के सलाह, परामर्श और मार्गदर्शन को अवश्य अनुसरण करें। चिंता और विचलित के बजाय संयम और सुझाव को निरंतर अपनायें जिससे कि रोग पर नियमित निरंतर और सही समुचित ईलाज सहजता से हो सके। डॉ. सौम्यसेन गुप्ता के द्वारा शिविर में भी उपस्थित होकर रोगों के ईलाज और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते हैं। उनका यह स्पष्ट मानना है कि मधुमेह पर संयम और नियंत्रण का समावेश हो तो इसपर सहजता पूर्वक ईलाज के माध्यम से उपचार किया जा सकता है। वहीं, थायरायड में भी नियमित दवा और परहेज काफी कारगर है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि बेहतर चिकित्सक और उत्कृष्ठ ईलाज के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. सौम्य सेन गुप्ता कोल्हान के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए गौरव हैं।

## पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत को युवकों ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



मेट्रो रेज

**मांडर :** बीते दिन युवकों ने पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। बैठक में युवाओं ने क्षेत्र में जल संकट, खराब सड़कें और शिक्षा की कमी की समस्याओं को प्रमुखता से बताया। उन्होंने विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और रोजगार के अवसरों की कमी पर भी चिंता जताई। डॉ. भगत ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें समाधान के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने जल संरक्षण, सड़क निर्माण और शिक्षा में सुधार के लिए योजनाओं पर काम करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी। डॉ. भगत की सकारात्मक प्रतिक्रिया से क्षेत्रवासियों में आशा की किरण जगी है। युवकों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में सुधार होगा। अंत में डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि उपरोक्त सभी समस्याएं दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही हैं। यह समस्याएं सिर्फ मांडर का ही नहीं बल्कि चान्हो, बेड़ो एवं इटकी की भी हैं। जिसे समय पर अनदेखा किया गया। परंतु अब इन सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए पहल किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने कराया ऑडिशन

मेट्रो रेज

**मधुपुर :** स्वतंत्रता दिवस पर अनुमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर शनिवार को ऑडिशन लिया गया। आडिशन में मधुपुर अनुमंडल के कुल 24 शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ऑडिशन में निर्णायक मंडली के सदस्यो द्वारा टीम का चयन किया गया। बता दें कि 15 अगस्त को मधुपुर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सूबे के खेल मंत्री हफीजूल हसन शिरकत करेंगे।





ऑडिशन में कार्मेल स्कूल, महेंद्र मुनी सरस्वती शिशु मंदिर विद्या मंदिर, मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी, मधुस्थली विद्यापीठ, एमएलजी हाई स्कूल, एसपीएम हाई स्कूल, तिलक विद्यालय, छोटी अंची देवी मध्य विद्यालय, सेट स्कूल, दून पब्लिक स्कूल, न्यू सेंट जेवियर हाई स्कूल, टीएससी वैद्य एकेडमी, कस्तूरबा गांधी आवासीय, वात्सल्य वैली, संत जोसेफ हाई स्कूल, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल पिपरा, मां मरियम हॉस्टल, श्रीधर क्लासेस, इंस्पायर क्लासेस, आकाश डांस एकेडमी, बीट ऑन क्यूं, लेट्स डांस अनलिमिटेड क्यूं, मां मरियम हॉस्टल आदि सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के लगभग कुल 350 छात्र-छात्राओं में अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमें निर्णायक प्रसाद चटर्जी, प्रिंस समद, रामचंद्र झा, कन्हैया लाल कन्नू ने बच्चों की तैयारी को देखकर सराहा और उन्हें 15 अगस्त के कार्यक्रम में और बेहतर ढंग से प्रस्तुति देने की टिप्स दी। निर्णायकों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम तय समय सीमा पर होना है। सबों को अपनी प्रस्तुति निर्धारित 4 मिनट 30 सेकंड के भीतर ही देनी है। जिसमें सिर्फ देशभक्ति गीतों पर ही प्रस्तुति होगी। सभी विद्यालय के प्रतिभागियों को द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।